दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...
● नई दिल्ली। शनिवार 13 सितंबर-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 264 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







## सुशीला कार्की होंगी नेपाल की अंतरिम पीएम, संसद की गई भंग

### नेपाल में युवा पीढ़ी के हिंसक प्रदर्शन में 51 लोगों की मौत



**काठमांडू।** नेपाल में युवा पीढ़ी के हिंसक प्रदर्शनों के बाद उपजे राजनीतिक संकट के बीच शुक्रवार को पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को अंतरिम सरकार का प्रमुख बनाने का फैसला किया गया है। इसके साथ ही नेपाल की संसद को भी भंग कर दिया गया है।

शुक्रवार को राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल के साथ सेना प्रमुख जनरल अशोक राज की मौजूदगी में जनरेशन-जी के नेतृत्वकताओं ने एक बैठक की थी। जिसमें पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को अंतरिम सरकार का प्रमुख बनाने पर सहमति बनी थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, वह आज रात 9 बजे राष्ट्रपति भवन में शपथ ग्रहण करेंगी।

**कौन हैं सुशीला कार्की? :** सुशीला कार्की का जन्म सात जून 1952 को विराटनगर में हुआ था। उन्होंने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से राजनीति शास्त्र में पोस्ट ग्रेजुएशन किया। इसके अलावा उन्होंने कानून की पढ़ाई नेपाल की त्रिभुवन यूनिवर्सटी से की। इसके बाद वकालत और कानूनी सुधारों के क्षेत्र में अपने करियर की शुरूआत की।

सुशीला कार्की नेपाल की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश रह चुकी हैं। सुप्रीम कोर्ट में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने कई ऐतिहासिक मामलों की सुनवाई की, जिनमें चुनावी विवाद भी शामिल थे। नेपाल में भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया मंचों पर प्रतिबंध के खिलाफ हाल में हुए ह्यजेन जेडह्न प्रदर्शन में एक भारतीय नागरिक सहित कम से कम 51 लोगों की मौत हुई है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सांसद अतुल गर्ग जनता को देंगे अनूठा गिफ्ट

# सरकारी हॉस्पिटल में बने 6 आधुनिक कमरों का उद्घाटन करने आ रहे हैं बीएल संतोष



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग कुछ अलग ही करने जा रहे हैं। उन्होंने यहां प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर उस वर्ग के लिये एक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई है जो क्रिटिकल समय में निजी अस्पतालों के महंगे खर्च को वहन नहीं कर सकता। ये सुविधा मिडिल क्लास वर्ग के लिये है और सबसे बड़ी बात ये है कि जनता को ये चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का विजन लोकसभा सांसद अतुल गर्ग का है। प्रधानमंत्री के जन्मदिन 17 सितंबर को ये सुविधा शुरू होगी। गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने जिला सरकारी अस्पताल एमएमजी में सीएसआर फंड से छह कमरों का निर्माण कराया और ये कमरे चिकित्सा सुविधा के हिसाब से सामान्य कमरे नहीं हैं। ये कमरे किसी को जीवन देंगे, ये कमरे आईसीयू हैं और सबसे बड़ी बात ये है कि यहां कम खर्च में अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं प्राप्त होंगी। सांसद अतुल गर्ग का ये कदम उस मिडिल क्लास वर्ग के लिये वास्तव में एक वरदान है जो महंगे अस्पतालों का खर्चा नहीं उठा सकते हैं। बड़ी बात ये है कि सांसद अतुल गर्ग ने क्षेत्र की जनता के लिये ये अनूठा गिफ्ट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर देने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर ये आईसीयू जनता को समर्पित किया जाएगा।

### 550 रुपए में मिलेगा रूम, भोजन और बिस्तर





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सांसद अतुल गर्ग का विजन जनता को राहत देने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सांसद का ये तोहफा जनता को सौंपा जाएगा। सीएसआर फंड सेजिला अस्पताल में छह कमरों का निर्माण हुआ है। सबसे बड़ी बात ये है कि यह सेल्फ फाइनेंस आईसीयू है यानी यह स्वयं सहायता समूह द्वारा गहन चिकित्सा कक्ष बनाया गया है। यहां पर मात्र 550 रुपए का शुल्क अस्पताल लेगा और बदले में प्राइवेट रूम मिलेगा। इसके अलावा यहां मरीज और अटेंडेंट के लिये भोजन की व्यवस्था होगी। इस रूम में ए क्लास टॉयलेट होगा और मरीज के अलावा मरीज के साथ रुकने वाले अटेंडेंट के लिये बिस्तर की व्यवस्था होगी। इतना ही नहीं इस कमरे में नाश्ता बनाने के लिये पेंट्री का इंतजाम है। सामान रखने के लिये अलमारी है।

### वेंटिलेटर की मिलेगी बहुत ही कम शुल्क पर सुविधा



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सरकारी अस्पताल में सीएसआर फंड से छह प्राइवेट कमरे बनाए गए हैं। इनमें आईसीयू की सुविधा है और इसके अलावा यहां पर भर्ती होने वाले मरीज को नर्सिंग चार्ज खुद देने होंगे। नर्सिंग चार्ज का खर्चा दो हजार से तीन हजार रुपए होगा। यह खर्च अन्य अस्पतालों के मुकाबले बहुत कम होगा। इसके अलावा वेंटिलेटर की सुविधा भी भुगतान करने पर उपलब्ध होगी और वेंटिलेटर का खर्च भी निजी अस्पतालों के मुकाबले लगभग आधी दर पर होगा।

### बीएल संतोष करेंगे उद्घाटन!

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर कई कार्यक्रम होंगे, लेकिन मानवता का एक बड़ा संदेश सांसद अतुल गर्ग की लोकसभा से निकलेगा। सरकारी अस्पताल में निजी अस्पताल जैसी सुविधा वो लेकर आएं हैं उहोंने सीएस आर फंड से यहां चिकित्सा का एक बड़ा उपहार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर जनता को समर्पित करने का प्लान किया है। सूत्र बताते हैं कि एक संक्षिप्त लेकिन भव्य कार्यक्रम में इसका उद्घाटन होगा। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री बीएल संतोष 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सीएसआर फंड से निर्मित आईसीयू कक्ष को जनता को समर्पित करेंगे। बताया जाता है कि भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री बीएल संतोष 17 सितंबर को सुबह दस बजे यहां पहुंचेंगे। आईसीयू के इस उद्घाटन से पूरे यूपी में सेवा, समर्पण और स्वास्थ्य का संदेश गाजियाबाद की लोकसभा से जाएगा। बताया जाता है कि यहां लगभग पांच सौ लोग उद्घाटन समारोह में मौजूद रहेंगे। यहां पर मुख्य अतिथि का संबोधन भी होगा।

## कर के मयखाने के अरमानों को खाक, पुलिस ने मिट्टी को पिला दी 524 लीटर शराब

### - टीम की निगरानी में किया गया पूरा अभियान, हुई फोटो-वीडियोग्राफी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस विभाग में एक समय के बाद पुलिस द्वारा जप्त की गई अवैध शराब को नष्ट किया जाता है। इसी प्रक्रिया के तहत इंदिरापुरम पुलिस द्वारा 524 लीटर देशी एवं विदेशी शराब जो की लाखों रुपए की बताई जा रही है, उसको नष्ट करने का काम किया गया। इस शराब को जमीन में गड्ढा खोदकर नष्ट किया गया है। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव, आबकारी अधिकारी, प्रभारी निरीक्षक थाना इंदिरापुरम और मालखाना मुंशी थाना इंदिरापुरम की देखरेख में यह पूरा अभियान चलाया गया है।



### पूरी कार्रवाई की कराई गई है वीडियो और फोटोग्राफी

करंट क्राइम : एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने जानकारी दी है कि इस माल को नष्ट करने के लिए एक समिति का गठन किया गया था। जिसमें प्रमुख अधिकारी शामिल किए गए थे। थाना इंदिरापुरम में जब अवैध शराब को एक सील बंद इलाके में गड्ढा खोदकर नष्ट किया गया है, जो पूरी कार्रवाई नियमानुसार की गई है। साथ ही इस पूरी कार्रवाई की फोटो और वीडियो ग्राफी भी कराई गई है।

### जल्द मादक पदार्थों की भी कमिश्नरेट में होगी नष्ट करने वाली कार्रवाई



करंट क्राइम : उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्रों से जानकारी मिली है कि 16 सितंबर को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बड़ी संख्या में मादक पदार्थों को नष्ट करने को लेकर अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए पूरी टीम द्वारा विधिक कार्रवाई कर ली गई है, अब इसका अनुपालन कराया जाएगा। यह मादक पदार्थों की कीमत करोड़ों रूपये में भी बताई जा रही है। इसमें सिटी से लेकर नदियापार व ग्रामीण जोन के थानों के माल को शामिल किया जाएगा।

## गाजियाबाद में आज लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

### दर्जनों मामलों में मिलेगा त्वरित न्याय

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शनिवार को गाजियाबाद कोर्ट में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के वादों का निस्तारण सुलह और समझौते के आधार पर किया जाएगा। इससे न केवल वादियों का समय और धन बचेगा, बल्कि न्यायालयों पर मुकदमों का बोझ भी कम होगा।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद की ओर से लोक अदालत को सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। इसके तहत लोगों को जागरूक करने के लिए प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक वादी इसका लाभ उठा सकें। जिला स्तर पर सभी विभागों को भी निर्देशित किया गया है कि वे अपने कार्यालयों के बाहर लोक अदालत संबंधी बैनर लगाएं, जिससे लोगों को जानकारी मिल सके और वे अपने मामलों का निस्तारण करा सकें।

### दर्जनों मामले में आज मिलेगा जल्द न्याय




करंट क्राइम : वरिष्ठ अधिवक्त राम अवतार गुप्ता का कहना है कि लोक अदालत की खासियत यह है कि यहां पर वादों का निस्तारण मौके पर ही आपसी सहमति से किया जाता है। इससे जहां लोगों को त्वरित न्याय प्राप्त होता है, वहीं विभागों को राजस्व की भी वसूली होती है। इसके अलावा न्यायालयों पर लंबित मुकदमों का दबाव भी घटता है।

### लोक अदालत में निस्तारित होने वाले वाद

करंट क्राइम : बिजली, पानी एवं टेलीफोन बिल संबंधी मामले, बैंक रिकवरी एवं ऋण संबंधी विवाद, मोटर दुर्घटना मुआवजा दावे, पारिवारिक एवं दाम्पत्य विवाद, राजस्व वसूली से जुड़े प्रकरण, आपराधिक (संधि योग्य) मामले, चेक बाउंस (धारा 138 एनआई एक्ट) संबंधी वाद, भूमि व संपत्ति से जुड़े आपसी विवाद।

# सिपाही पर हमला करने वाला कार चालक गिरफ्तार

### पुलिस ने चंद घंटों में पहुंचाया हवालात

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट के ट्रांस हिंडन जोन इंदिरापुरम थानाक्षेत्र के अहिंसाखंड-2 लालबत्ती के पास ड्यूटी कर रहे ट्रैफिक पुलिसकर्मी पर कार चालक ने हमला कर दिया। घटना शुक्रवार की शाम की है, जब ट्रैफिक सिपाही शशिकांत शर्मा ने गलत दिशा से आ रही कार को रोकने का प्रयास किया। इसी दौरान कार चालक ने पत्थर मारकर सिपाही को घायल कर दिया और गाड़ी लेकर फरार हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची, तो पुलिस ने घायल ट्रैफिककर्मी को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान इंदिरापुरम निवासी गौरव चौधरी के रूप में हुई है। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और उसे गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।



### पुलिसकर्मियों पर लगातार बढ़ रहे हैं हमले

**गाजियाबाद करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में पुलिसकर्मियों पर लगातार हमलों की घटनाएं बढ़ रही हैं। बीते दिनों दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर एक अपराधी ने कार से टक्कर मारकर ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की दर्दनाक हत्या कर दी थी। वहीं, सिहानी गेट थानाक्षेत्र में चाप की दुकान पर विवाद के बाद कुछ युवकों ने पुलिसकर्मी के साथ बदसलूकी की थी। अब इंदिरापुरम में ट्रैफिक सिपाही पर हमला इस बढ़ती घटनाओं का ताजा मामला है।



### पुलिस कमिश्नर का सख्त संदेश, होगा कठोर एक्शन



**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने कहा कि कानून हाथ में लेने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जो लोग पुलिसकर्मियों पर हमला कर कानून व्यवस्था तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं, उनके खिलाफ कड़ी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिस कर्मियों पर हमला पूरे सिस्टम पर हमला है और इसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## अगर ग्रेटर गाजियाबाद की कल्पना हुई साकार

# भाजपा हो ना जाये कहीं यहां चुनावी रण से भी बाहर




### लोनी से लेकर खोड़ा और मुरादनगर तक

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। ग्रेटर गाजियाबाद की चर्चा हो रही है तो यहां उन नगर पालिका परिषद और पंचायतों पर एक नजर डालना जरूरी है जो ग्रेटर गाजियाबाद में आएंगे। लोनी की बात करें तो यहां रंजीता धामा निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव जीती हैं। उन्होंने भाजपा से इस्तीफा दिया, निर्दलीय चुनाव लड़ा और चुनाव जीतीं। इसके बाद वो रालोद में शामिल हो गईं और यहां भाजपा पालिका परिषद में रण से बाहर है। मुरादनगर पालिका परिषद की बात करें तो यहां भाजपा कहीं नहीं है। यहां पर मौजूदा समय में बसपा के पूर्व विधायक रहे वहाब चौधरी की पत्नी छम्मी चौधरी नगर पालिका परिषद की चेयरमैन हैं। इसी तरह खोड़ा में बसपा से विधायक रहे अमरपाल शर्मा की पत्नी मोहिनी शर्मा भाजपा को हराकर निर्दलीय उम्मीवार के रूप में चेयरमैन का चुनाव जीती हैं। अमरपाल शर्मा लोकसभा चुनाव में बागपत से सपा के टिकट पर चुनाव लड़े हैं। डासना में समाजवादी पार्टी का कब्जा है और इस तरह से लोनी, खोड़ा मकनपुर, मुरादनगर और डासना में विपक्षी पार्टियों की जीत का परचम लहरा रहा है।

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** इन दिनों ग्रेटर गाजियाबाद को लेकर चर्चा चल रही हैं। ग्रेटर गाजियाबाद के गठन पर काम हो रहा है। अधिकरिक दृष्टिकोण से इसे विकास के लिये महत्वपूर्ण माना जा रहा है, लेकिन इसकी भौगोलिक सीमाओं के मौजूदा सियासी नक्शे पर नजर डाले तो ग्रेटर गाजियाबाद के सपनों को अगर साकार किया गया तो यहां पॉलिटिकल नक्शा अपना आकार बदलेगा। अगर ग्रेटर गाजियाबाद की बात करें और इसके गठन देखें तो यहां नगर पालिका परिषद का इलाका और मौजूदा समय में इन पंचायत परिषदों में सियासी रुझान कुछ और बता रहा है। चर्चा यही हो रही है कि अगर ग्रेटर गाजियाबाद बनेगा तो यहां समाजवादी पार्टी पूरी तरह मजबूत होकर आएगी। साइकिल का यहां सियासी बेस बढ़ जाएगा।

लोकसभा की परिधि में ग्रेटर गाजियाबाद आएगा और इस लोकसभा में आने वाली विधानसभाओं की जमीन को देखें तो उसमें नगर पालिका परिषद भी आती हैं। यहां अगर लोकसभा, विधानसभा को छोड़ दें तो नगर पालिका परिषद एक अलग ही संदेश दे रही हैं और वो संदेश भाजपा के लिये ठीक नहीं है। यहां नगर पालिका परिषद में, जिला पंचायत में, भाजपा की सियासी जमीन उसे मजबूती नहीं दे रही है और ऐसे में अगर ग्रेटर गाजियाबाद बनता है तो फिर यहां विपक्ष का पलड़ा भारी होगा। जिला पंचायत के पिछले रिकॉर्ड को देखें तो पूरे जिला पंचायत में केवल दो फूल खिले थे।

ये तो पार्टी ने मेहनत की और दो फूल से ही जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी पर उन्होंने अपना अध्यक्ष बिठाया, लेकिन अब अगर नजर डाले तो ग्रेटर गाजियाबाद के पॉलिटिकल इफेक्ट फूल को माइलेज देते नजर नहीं आ रहे हैं। यहां सपा मजबूत दिखाई दे रही है। विपक्ष मजबूत दिखाई दे रहा है और ग्रेटर गाजियाबाद को लेकर समाजवादी उत्साह में हैं। वो यहां अपने राजनीतिक समीकरण का हिसाब लगा रहे हैं। ऐसे में ये कहा जा रहा है कि अगर ग्रेटर गाजियाबाद का गठन हुआ तो आने वाले समय में यहां नगर पालिका परिषद के कई क्षेत्रों में चुनाव में रोचक और चौंकाने वाले परिणाम आएंगे। इलाका लोनी से लेकर खोड़ा तक लग रहा है और इलाकों का परिसीमन रोचक संदेश दे रहा है।

# सिक्किम में कुदरत का कहर, भूस्खलन में चार की मौत और तीन अन्य लापता

## पुलिस और एसएसबी जवानों ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर बचाव अभियान चलाया

**गंगटोक।** सिक्किम में एक बार फिर कुदरत का कहर टूटा है। सिक्किम में हुए भूस्खलन में चार लोगों की मौत की खबर है और तीन अन्य लापता हैं। पुलिस और एसएसबी के जवानों ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर दो महिलाओं को बचाया और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन उनमें से भी एक की मौत हो गई है और दूसरी महिला की हालत गंभीर है।

**पुलिस ने बताया तीन लोग लापता :** घटना पश्चिमी सिक्किम के यांगथांग क्षेत्र के ऊपरी रिम्बी इलाके में घटी, जहां मध्यरात्रि में हुए भूस्खलन हुआ। भूस्खलन की चपेट में आकर तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। भूस्खलन की सूचना पर पहुंची पुलिस और एसएसबी जवानों ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर तुरंत बचाव अभियान चलाया। हालांकि घटनास्थल तक पहुंचने के लिए हुमे नदी को पार करना था, जिसमें पहले से ही बाढ़ आई थी। बचाव दल ने पेड़ की मदद से अस्थायी पुल बनाया और दो महिलाओं को बचा लिया। दोनों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। दूसरी महिला की हालत गंभीर है। एसपी गीजिंग







विनाशकारी भूस्खलन की चपेट में सैन्य शिविर भी आया

शेरपा ने बताया कि तीन लोग लापता हैं। उल्लेखनीय है कि बीती 1 जून को भी सिक्किम के चट्टन इलाके में विनाशकारी भूस्खलन हुआ। इसकी चपेट में सैन्य शिविर भी आया। तत्काल बचाव अभियान शुरू किया गया। उस भूस्खलन के बाद तीन शव बरामद किए गए और कई अन्य लोग घायल हुए। इस साल भारी बारिश के चलते पूर्वोत्तर राज्यों समेत पहाड़ी इलाकों में भारी तबाही हुई और सैंकड़ों लोगों को जान गंवानी पड़ी।

# पीएम आज जाएंगे मणिपुर 8500 करोड़ की देंगे सौगात

### दौरे से पहले उपद्रवियों-सुरक्षाबलों में झड़प

**इंफाल।** पीएम नरेंद्र मोदी शनिवार को मणिपुर दौरे पर जाएंगे। वे यहां 8500 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। मणिपुर के मुख्य सचिव पुनीत कुमार गोयल ने बताया कि प्रधानमंत्री सबसे पहले मिजोरम से चुराचांदपुर पहुंचेंगे और फिर इंफाल जाएंगे। वहीं पीएम मोदी के दौरे से पहले गुरुवार शाम को कुकी बहुल चुराचंदपुर जिले में दो स्थानों पर उपद्रवियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़प हुई।

**7300 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और 1200 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण :** मणिपुर के मुख्य सचिव ने कहा कि मणिपुर के समावेशी, सतत और समग्र विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप प्रधानमंत्री चुराचांदपुर में 7,300 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। जबकि 1200 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की 13 सितंबर की मणिपुर यात्रा राज्य में शांति, सामान्य स्थिति और विकास का मार्ग प्रशस्त करेगी। पीएम मोदी चुराचांदपुर और इम्फाल में आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों से बातचीत करेंगे।



प्रधानमंत्री सबसे पहले मिजोरम से चुराचांदपुर पहुंचेंगे और फिर इंफाल जाएंगे।

**मणिपुर में कड़े किए गए सुरक्षा इंतजाम :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शनिवार को संभावित मणिपुर दौरे से पहले इंफाल और चुराचांदपुर में सुरक्षा इंतजाम कड़े कर दिए गए हैं। प्रधानमंत्री के मणिपुर दौरे को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। लेकिन उनके मिजोरम यात्रा के बाद मणिपुर पहुंचने की संभावना है।

**237 एकड़ में फैले कांगला किले के आस पास जवान तैनात :** राज्य में प्रधानमंत्री की यात्रा को लेकर तैयारियां काफी तेजी से चल रही हैं। इंफाल में करीब 237 एकड़ में फैले कांगला किले और चुराचांदपुर के पीस ग्राउंड के आसपास बड़ी संख्या में राज्य और केंद्रीय बलों के जवान तैनात किए गए हैं। वहां पर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के लिए एक भव्य मंच का निर्माण भी किया जा रहा है। इसी क्रम में राज्य में कई बैठकें भी आयोजित की जा चुकी हैं। मई 2023 में कुकी और मैतेई समुदायों के बीच जातीय हिंसा भड़कने के बाद मोदी की यह पहली मणिपुर यात्रा होगी। राज्य में महीनों जारी रही हिंसा में 250 से ज्यादा लोग मारे गए और हजारों बेघर हो गए।

**कांगला किले का चौबीसों घंटे किया जा रहा निरीक्षण :** राज्य कर्मचारियों के साथ केंद्रीय सुरक्षा दल कांगला किले का चौबीसों घंटे निरीक्षण कर रहे हैं और राज्य आपदा प्रबंधन बल की नौकाओं को किले के चारों ओर की खाइयों में गश्त के लिए लगाया गया है। 1891 में रियासत के विलय से पहले कांगला किला तत्कालीन मणिपुरी शासकों की सत्ता का प्राचीन केंद्र हुआ करता था। तीन तरफ खाइयों और पूर्वी तरफ इंफाल नदी से घिरा यह किला एक बड़े पोलो मैदान, जंगल, मंदिरों के खंडहर और राज्य पुरातात्विक कार्यालयों से घिरा है।

**जांच में खोजी कुत्तों की ली जा रही मदद :** एक केंद्रीय सुरक्षा अधिकारी ने बताया, किसी अवांछित सामग्री का पता लगाने के लिए खोजी कुत्तों और उन्नत उपकरणों का इस्तेमाल किया जा रहा है। सुरक्षाकर्मी बारी-बारी से किले के बाहरी इलाके और परिसर में पैदल गश्त कर रहे हैं ताकि किसी भी अवांछित वस्तु या व्यक्ति की जांच की जा सके। किले में पर्यटकों के आने-जाने को प्रतिबंधित कर दिया गया है।

# राधाकृष्णन ने ली उपराष्ट्रपति पद की शपथ

### शपथ समारोह में जगदीप धनखड़ भी नजर आए, पीएम मोदी भी रहे मौजूद







महाराष्ट्र राज्यपाल पद से दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को उपराष्ट्रपति पद की शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में 67 वर्षीय राधाकृष्णन को शपथ दिलाई। राजग उम्मीदवार राधाकृष्णन ने इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार पूर्व जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी को 152 मतों के अंतर से हराकर उपराष्ट्रपति पद का चुनाव जीत था। 21 जुलाई को जगदीप धनखड़ के अचानक इस्तीफे के बाद 9 सितंबर को नए उपराष्ट्रपति के लिए चुनाव हुआ था।

इससे पहले उपराष्ट्रपति चुने जाने के बाद राधाकृष्णन ने महाराष्ट्र के राज्यपाल पद से इस्तीफा दे दिया था। गुरुवार को राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी बयान में यह जानकारी दी गई थी। राष्ट्रपति मुर्मू ने राधाकृष्णन के इस्तीफे के बाद गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत को महाराष्ट्र का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। देवव्रत अब दोनों राज्यों के राज्यपाल की जिम्मेदारी संभालेंगे।

**जगदीप धनखड़ के अचानक इस्तीफे के बाद हुए चुनाव :** संसद के हालिया मानसून सत्र के दौरान जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था, हालांकि उनका कार्यकाल दो साल बचा हुआ था। उनके इस्तीफे के कारण मध्यावधि चुनाव कराया गया।

**असाधारण रही है उपराष्ट्रपति पद की तक यात्रा :** देश के 15वें उपराष्ट्रपति चुने गए सीपी राधाकृष्णन की उपराष्ट्रपति पद की तक यात्रा असाधारण रही है। इस सफर की शुरूआत छात्र आंदोलन से हुई और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ाव के बाद इसका विस्तार राष्ट्रीय फलक तक हुआ। संघ से सक्रिय राजनीति में आए सीपी राधाकृष्णन ने भाजपा में संगठन में लंबे समय तक काम किया। 2004 से 2007 तक वह तमिलनाडु प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष रहे। इस दौरान 2007 में उन्होंने 93 दिनों में 19,000 किलोमीटर लंबी रथ यात्रा की। इसका मकसद देश की नदियों को जोड़ना, आतंकवाद का उन्मूलन, समान नागरिक संहिता लागू करना, अस्पृश्यता निवारण और मादक पदार्थों के खतरों से निपटना था। 2020 से 2022 तक वह केरल भाजपा के प्रभारी भी रहे। उन्हें संगठन और प्रशासन दोनों क्षेत्रों में मजबूत पकड़ वाला नेता माना जाता है। विनम्र और सुलभ नेता की छवि रखने वाले राधाकृष्णन को उनके समर्थक तमिलनाडु का मोदी कहकर पुकारते हैं। ओबीसी समुदाय कोंगु वेल्लार (गाउंडर) से आने वाले राधाकृष्णन की शादी सुमति से हुई है और उनके एक बेटा व एक बेटी हैं। उपराष्ट्रपति पद के लिए एनडीए के प्रत्याशी चुने जाने से पहले तक वह महाराष्ट्र के राज्यपाल थे।

वह पिछले साल जुलाई में महाराष्ट्र के राज्यपाल बने थे। इससे पहले, फरवरी 2023 में उन्हें झारखंड का राज्यपाल नियुक्त किया गया था। झारखंड के राज्यपाल रहते उन्होंने तेलंगाना के राज्यपाल और पुडुचेरी के उप राज्यपाल का अतिरिक्त कार्यभार संभाला। राधाकृष्णन ने दक्षिण भारत में भाजपा के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सार्वजनिक जीवन में उनका प्रवेश राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक के रूप में हुआ था।

वह 1974 में भारतीय जनसंघ की राज्य कार्यकारिणी समिति के सदस्य बने।

### पटाखों पर प्रतिबंध को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा

# 'सिर्फ दिल्ली में बैन क्यों? देशभर में लागू हो नियम'



**नई दिल्ली।** दिवाली से पहले एक बार फिर पटखों को लेकर चर्चा तेज हो गई है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को पटाखों पर सिर्फ दिल्ली-एनसीआर में प्रतिबंध लगाए जाने पर सवाल उठाया है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पटाखों पर पूरे देश में प्रतिबंध लगाए जाने की बात पर जोर देते हुए कहा कि अगर एनसीआर के लोगों को साफ हवा का अधिकार है, तो बाकी शहरों के लोगों को क्यों नहीं? उन्होंने साफ कहा कि पटाखों को लेकर कोई भी नीति पूरे देश के लिए एक जैसी होनी चाहिए।

पिछले कुछ वर्षों में पटाखों को लेकर सख्त नियम

सीजेआई ने आगे कहा कि हम सिर्फ दिल्ली के लिए नियम नहीं बना सकते, ऐसा नहीं हो सकता कि दिल्ली के लोग विशेष हैं। सीजेआई गवई ने आगे कहा कि मैं पिछले साल अमृतसर में था, वहां की हवा दिल्ली से भी ज्यादा खराब थी। अगर पटाखों पर बैन लगाना है, तो पूरे देश में लगे।

**गुणवत्ता आयोग को भेजा नोटिस :** सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्च की टिप्पणी का वरिष्ठ वकील अपराजिता सिंह ने समर्थन करते हुए कहा कि अमीर लोग तो खुद का ख्याल रखते हैं, प्रदूषण बढ़ता है तो दिल्ली छोड़कर बाहर चले जाते हैं। इसके बाद कोर्ट ने देशभर में पटाखों पर बैन लगाने की मांग वाली एक याचिका पर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को नोटिस भेजा है।

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट की ये टिप्पणी दिवाली से पहले आई है, जब हर साल उत्तर भारत में हवा की हालत बहुत खराब हो जाती है। इसकी वजह आमतौर पर पटाखे और खेतों में पराली जलाना होता है।

गौरतलब है कि पिछले कुछ वर्षों से दिल्ली और एनसीआर में दिवाली से पहले पटाखों पर कड़े प्रतिबंध लगाए जाते रहे हैं। जैसे पूरे साल का प्रतिबंध, कुछ जगहों पर कुछ घंटों के लिए छूट और बिक्री-भंडारण पर सख्त नियम। इससे पहले 19 दिसंबर 2024 को दिल्ली सरकार ने सालभर के लिए पटाखों पर पूरी तरह से बैन लगाया।

# चलो बुलावा आया है....वैष्णो देवी की यात्रा 14 सितंबर से होगी बहाल

**जम्मू:** श्री माता वैष्णो देवी जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए खुशखबरी है। खराब मौसम और ट्रैक की आवश्यक मरम्मत कार्य के चलते कुछ समय के लिए रोकी गई पावन यात्रा अब 14 सितंबर से दोबारा शुरू होने जा रही है। श्राइन बोर्ड ने बताया है कि मौसम अनुकूल रहने पर श्रद्धालुओं को यात्रा की अनुमति दी जाएगी। हर साल लाखों भक्त मां वैष्णो देवी के दरबार में मत्था टेकने पहुंचते हैं और यात्रा का फिर से आरंभ होना उनके लिए बड़ी राहत की खबर है। सुरक्षा और सुविधा के लिए प्रशासन ने विशेष इंतजाम किए हैं।

बता दें कि कटरा बेल्ट की त्रिकुटा पहाड़ियों में अधकुवारी में 26 अगस्त को बादल फटने से हुए भूस्खलन में





26 अगस्त को बादल फटने से आई थी तबाही

34 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई थी और 20 अन्य घायल हो गए। यात्रा उसी दिन अगले आदेश तक स्थगित कर दी गई थी। गुफा मंदिर के रास्ते पर अधिकांश मरम्मत कार्य पूरा हो चुका है। ऐसे में उम्मीद थी कि तीर्थयात्रा के फिर से शुरू होने की घोषणा शनिवार या रविवार को की जाएगी। अब श्राइन बोर्ड ने इसकी आधिकारिक घोषणा कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि कि तीर्थयात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यात्रा स्थगित की गई है। उन्होंने कहा कि यात्रा को फिर से शुरू करने का निर्णय उचित समय पर लिया गया।

**खाली पड़े होटल, रेस्टोरेंट में कोई ग्राहक नहीं :** कटरा के स्थानीय व्यापारी अरविंद कुमार ने बताया था कि यात्रा के स्थगित होने से आधार शिविर और आसपास के इलाके वीरान हो गए हैं। होटल खाली पड़े हैं, रेस्टोरेंट में कोई ग्राहक नहीं है और परिवहन सेवा भी ठप पड़ी है।

अगस्त 2023 और 2024 में क्रमशः 7,10,914 और 7,48,030 तीर्थयात्रियों ने माता वैष्णोदेवी के दर्शन किए थे, लेकिन इस वर्ष 26 अगस्त को बादल फटने की घटना के चलते उनकी संख्या में भारी गिरावट दर्ज की गई।

गत जुलाई में 6,77,652 श्रद्धालु गुफा मंदिर दर्शन के लिए पहुंचे थे। बता दें कि श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र त्रिकुटा पर्वतों में स्थित वैष्णो देवी मंदिर भारत के सबसे लोकप्रिय तीर्थ स्थलों में से एक है, जहां हर वर्ष करीब एक करोड़ से अधिक भक्त दर्शन के लिए पहुंचते हैं।

# 17 सितंबर को दिल्ली में पीएम मोदी के जन्मदिन पर होगा भव्य समारोह

### केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह करेंगे 10 योजनाओं की घोषणा

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार 17 सितंबर को त्यागराज स्टेडियम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर एक भव्य समारोह आयोजित करने जा रही है। इस कार्यक्रम में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हो सकते हैं और 10 नई योजनाओं की घोषणा करेंगे। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इसकी तैयारियों की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय बैठक की, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए। इस समारोह के साथ ह्यसेवा पखवाड़ाह्व (17 सितंबर से 2 अक्टूबर) की शुरूआत होगी, जिसके तहत 75 नई योजनाएं और सेवाएं लागू की जाएंगी।

इनमें स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता, आवास, परिवहन और नागरिक




सुविधाओं से संबंधित पहल शामिल हैं। समारोह में 101 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का उद्घाटन होगा, जो दिल्लीवासियों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं आसानी से उपलब्ध कराएंगे।

स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत करने के लिए छह अस्पतालों- बुराड़ी, जग पर्वेश चंदर, बाबा अंबेडकर (रोहिणी), संजय गांधी मेमोरियल, जनकपुरी सुपर स्पेशियलिटी और अंबेडकर नगर अस्पताल में 150 डायलिसिस यूनिट्स की शुरूआत होगी। इसके अलावा, सावित्री बाई फुले वृद्धाश्रम (पश्चिम विहार) को संचालित किया जाएगा, जिससे बुजुर्गों को बेहतर देखभाल मिल सकेगी।

# पंजाब में उतरा पानी, उभरे जख्म

### हजारों घरों में घुसा मलबा, फसलों के अवशेष तक नहीं बचे

**अमृतसर/फिरोजपुर।** पंजाब में बाढ़ का पानी धीरे-धीरे उतरने लगा है। जैसे-जैसे तबाही के निशान सामने आ रहे हैं लोगों के जख्म भी उभरने लगे हैं। लोगों का कहना है कि उन्हें सब कुछ दोबारा खड़ा करना होगा। फसल, घर व कारोबार सब बर्बाद हो चुका है। अब उन्हें सरकार से मदद की दरकार है।

हुसैनीवाला बॉर्डर के ग्रामीणों को सतलुज दरिया में आई बाढ़ गहरे जख्म दे गई है। धान की फसल पानी में डूबने के चलते पूरी तरह खराब हो गई है। गांवों की सड़कें टूट गई हैं। पानी के बहाव में कई मकान गिर चुके हैं। घरों के अंदर कीचड़ भर गया है। लोग मकानों की छतों पर तिरपालें लगाकर रहने को मजबूर हैं।



बाढ़ दे गई गहरे जख्म, धान की फसल हुई खराब

**सड़कें टूटने से संपर्क कटा :** हुसैनीवाला बॉर्डर से सटे 17 गांवों में से पानी उतर चुका है। अब लोगों को और कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

सड़कें जगह-जगह से टूट चुकी हैं, कई गांव एक-दूसरे से कट चुके हैं। लोगों के घरों में दो से तीन फीट कीचड़ भर गया है। ऐसी स्थिति में लोग मकानों की छतों पर तिरपाल लगाकर रहने को मजबूर हैं। कई लोगों के घर गिर गए हैं, वे लोग गांव में सुरक्षित जगहों पर टेंट लगाकर रह रहे हैं। पानी में डूबी धान की फसल बुरी तरह नष्ट हो चुकी है। दूर-दूर तक बर्बाद धान की फसल दिखाई पड़ती है। बीएसएफ के बंकर पानी में ध्वस्त हो गए हैं।

**दो गांवों की डेढ़ सौ एकड़ जमीन सतलुज में समाई :** गांव टेंडी वाला और कालू वाला में बहुत ज्यादा नुकसान हुआ है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...



करंट क्राइम ट्वीट का करंट




## एमएलसी चुनाव की तैयारियों में जुटी भाजपा ने कर दिया है ये स्पष्ट

# सभी लगें चुनाव में और खुद को उम्मीदवार समझने का ना करें कोई भी कष्ट





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा चुनावों की तैयारी में जुटी है और पहले उसने 2027 के चुनावी रण के लिये अपने संगठन की ओवरहोलिंग की। बूथ अध्यक्ष से लेकर मंडल अध्यक्ष का पुनर्गठन किया। महानगर और जिले की टीमों में बदलाव हुआ और अब भाजपा एमएलसी चुनाव की तैयारियों में जुट गई है। भाजपा की मेरठ वाली बैठक में प्रदेश अध्यक्ष की मौजूदगी में ये स्पष्ट कर दिया गया कि भाजपा एमएलसी चुनाव में पूरी ताकत के साथ आएगी और इस चुनाव के लिये भाजपा अभी से जुटेगी। इसी बैठक में भाजपा पंचायत चुनावों को लेकर भी ऐलान कर चुकी है। फिलहाल बात शिक्षक और स्नातक कोटे के एमएलसी चुनाव की है।

भाजपा लगातार बैठकें कर रही है और इन बैठकों में मौजूदा एमएलसी भी शामिल हो रहे हैं। चुनाव की तैयारी शुरू चुकी और इन सबके बीच चर्चा ये चलने लगी है कि उम्मीदवार तो फिलहाल वहीं रहेंगे जो एमएलसी हैं, इसके पीछे तर्क भी ये दिया गया कि जब खुद एमएलसी चुनाव की बैठकों में शामिल हो रहे हैं, उन्हें चुनाव की जिम्मेदारियां दी जा रही है, ऐसा तभी होता है जब पार्टी चेहरे रिपीट कर रही हो। क्या वास्तव में ऐसा हो रहा है, क्या एमएलसी चुनाव के चेहरे रिपीट होने जा रहे हैं। इन पूरी संभावनाओं को लेकर दैनिक करंट क्राइम ने संगठन के उन चेहरों को टटोला जो चुनावी नीति का निर्धारण करते हैं। जहां से उम्मीदवारी का रास्ता होकर निकलता है। यहां पर पार्टी का फैसला सर्वोपरि वाला विचार बाहर आया है।

स्नातक और शिक्षक एमएलसी चुनाव की तैयारी और इसके चेहरों को लेकर संगठन के बड़े चेहरे ये बता रहे हैं कि कोई भी अपने को अभी उम्मीदवार ना मानें। स्पष्ट बताया गया है कि स्नातक और शिक्षक कोटे के एमएलसी चुनाव को लेकर संगठन स्तर पर कोई उम्मीदवार घोषित नहीं किया गया है। संगठन स्तर पर ये बता दिया गया है कि जो एमएलसी पार्टी की बैठक में आ रहे हैं उन्हें आना ही है और वो उम्मीदवार होने के नाते नहीं बुलाए जा रहे हैं, बल्कि जनप्रतिनिधि होने के नाते बुलाए जा रहे हैं। संगठन सूत्र बता रहे हैं कि पार्टी किसे चुनाव लड़ाएगी ये अभी तय होना है और इसमें अभी समय है। दावेदारी कोई भी कर सकता है, लेकिन कोई भी अपनी उम्मीदवारी कन्फर्म मानकर ना चले। पार्टी इस पर सामूहिक रूप से फैसला लेगी और कोई उम्मीदवारी की लिस्ट जारी नहीं हुई है और ना ही किसी चेहरे को संगठन स्तर पर चुनाव लड़ने के निर्देश दिये गये हैं।

# अजब चोरी की गजब कहानी : चौकी के सामने से चुरा लिए 250 नारियल पानी

### - चोरों ने छोटे हाथी का इस्तेमाल कर अंजाम दी चोरी की वारदात



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मौसम बदला है, तो चोरी के मामले बढ़ने शुरू हो गए हैं। चोरी का एक अजब ही मामला सामने आया है। जिसमें कवि नगर थानाक्षेत्र अवंतिका चौकी में गुरुवार की रात चोरी की एक ऐसी वारदात हुई है जिसमें चोरों ने दो दुकानों से लगभग 850 नारियाल पानी चोरी कर ले गए। दरअसल चौकी के सामने नारियल पानी की दुकान के एक ठीहे से छोटा हाथी में सवार होकर आए चार चोर लगभग 250 नारियल पानी और चिरंजीव विहार गेट में मुख्य बाजार पर सड़क किनारे लगने वाली दुकान से लगभग 600 नारियल पानी चुराकर ले गए हैं। आसपास के लोगों ने जानकारी दी है कि चिरंजीव विहार में गेट पर अनुज नाम की दुकान पिछले 11 सालों से है। यहां पर रात को ठेली पर नारियल पानी रखकर मलिक चला जाता है, पर इस बार चोरों ने यहां हाथ साफ कर दिया है। बताया जा रहा है कि दोनों ही दुकान से जो माल चोरी हुआ है, उसकी कीमत हजारों में है। चोरी की इस वारदात के बाद पुलिस की वर्किंग पर सवाल उठ रहा है। तो बताया जा रहा है की शिकायत थाने में होने के बावजूद भी मुकदमा लिखवाने में पीड़ित चक्कर लगा रहा है। वहीं इस अजब चोरी की गजब कहानी से आसपास की दुकान वाले डरे हुए बताए जा रहे हैं।

### छोटे हाथी पर आए थे नारियल चोर




करंट क्राइम : अवंतिका चौकी क्षेत्र की दो दुकानों से नारियल पानी चोरी करने वाले चोरों ने वारदात को अंजाम देने के लिए छोटा हाथी का इस्तेमाल किया है। चोरों ने यहां किसी सोने-चांदी या पशु चोरी की वारदात को अंजाम नहीं दिया बल्कि छोटे हाथी में चार लोग सवार थे, जो लगभग 850 नारियल पानी चोरी करके दोनों दुकान से ले गए हैं। नारियल पानी की कीमत हजारों में बताई जा रही है ।चोरी की इस वारदात से आसपास के दुकान वाले डरे होने के साथ ही अलर्ट हो गए हैं कि कहीं उनकी दुकान भी चोरों के निशाने पर ना आ जाए। वहीं स्थानीय चौकी पुलिस की वर्किंग भी सवालों के घेरे में आ गई है।

### पुलिस की गश्त व्यवस्था और सुरक्षा पर है ये चोरी सवाल

करंट क्राइम : कवि नगर थानाक्षेत्र की चौकी अवंतिका में जिस तरीके से चोरों ने एक ही रात में नारियल पानी की दो दुकानों को निशाना बनाते हुए 850 से अधिक नारियल पानी चोरी किए हैं। तो चोरी की वारदात को अंजाम देने के लिए छोटे हाथी का इस्तेमाल किया गया है। यह बता रहा है कि वारदात को पूरी रेकी और जानकारी के साथ अंजाम दिया गया है। वहीं इस वारदात के बाद से सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस की रात्रि चेकिंग अलर्टनेस पर सवाल है। इसके साथ ही इलाके के बीट पुलिसिंग और रात्रि गश्त पर रहने वाली पुलिस टीमों से भी पुलिस के अधिकारियों को सवाल करना चाहिए कि उनकी इतनी मुस्तैदी के बावजूद चोरी कैसे हो गई। वहीं पीड़ितों का आरोप है कि पुलिस मुकदमा लिखने में भी आनाकानी कर रही है। वैसे दावे तो हर ि में मुकदमें दर्ज करने हैं पर बिना सिफारिशों के लंबे समय से काम हो नहीं रहा बताया जा रहा है।

# विधायक के बर्थ-डे की भारी तैयारी दे रही है संदेश
## बाहरी सर्वे में संजीव शर्मा बनेंगे टीआरपी किंग का फेस



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में केवल चुनाव जीतना ही काफी नहीं होता है। यहां चुनाव जीतने के बाद जनता के बीच रहकर खुद को जनता का फेस साबित करना भी एक चुनौती होता है। पार्टी अपने नेताओं की जनछवि चेक कराने के लिये समय-समय पर सर्वे भी कराती है। इन्हीं सर्वे की रिपोर्ट के आधार पर वो ये अंदाजा लगाती है कि कौन सा चेहरा चुनावी रण में भारी रहेगा। इसके लिये पार्टी कभी इंटरनल सर्वे कराती है तो कभी बाहरी सर्वे कराती है।

पार्टी का अपना एक सर्वे होता है जिसे वो आंतरिक सर्वे कहते हैं और एक सर्वे वो निजी एजेंसियों से अनुबंध कराकर कराती है और अपने मौजूदा जनप्रतिनिधियों की जन छवि का रिपोर्ट कार्ड लेती है। इस सर्वे में लोगों से ये नहीं पूछा जाता कि वो किसे वोट देंगे, इसमें तो एक्टिविटी के आधार पर एक कैलकुलेशन किया जाता है, जिसमें मीटिया में आ रही जनप्रतिनिधि की खबरों का आंकलन होता है। ये देखा जाता है कि जनप्रतिनिधि क्षेत्र में कितने होर्डिंग लगाते हैं, वो अपने क्षेत्र में कितने कार्यक्रम आयोजित करते हैं और लोगों के बीच उनका रिपोर्ट कार्ड कैसा है। यही वजह है कि जनप्रतिनिधि चाहे वो मौजूदा हैं, चाहे वो पूर्व हो चुके हैं, लेकिन वो अपनी नित्य प्रतिदिन की गतिविधियों को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर डालते हैं और ये एक तरीके से ऑनलाइन रिकॉर्ड भी रहता है। सूत्र बताते हैं कि भाजपा इन दिनों एक बाहरी सर्वे करा रही है। ये सर्वे लगातार चलते हैं और यहां भाजपा अपने सभी विधायकों से लेकर विधान परिषद सदस्यों की जनछवि का सर्वे करा रही है।

वो ये जानना चाहती है कि उसके जनप्रतिनिधियों की जनता के बीच क्या छवि है। भारी और बाहरी सर्वे की बात चली तो यहां कार्यकताओं की जुबान खुली। बात उन विधायक की आ गई जिन्हें कार्यकर्ता भगवा कमांडर के नाम से जानते हैं। जिन्होंने लगातार दो बार महानगर अध्यक्ष वाली पारी खेली और इस पारी से ही वो भारी भी साबित हुए और बाहरी सर्वे में वो औरों पर भारी पड़ते दिखाई दिये हैं। विधायक संजीव शर्मा का रविवार को जन्मदिन है और एक विधायक के लिये इससे बड़ी उपलब्धि क्या होगी कि उनके जन्मदिन पर रास्तों में होर्डिंग की बहार आ गई। उनके समर्थकों ने महानगर के सभी रास्तों पर उन्हें बधाई देते हुए होर्डिंग लगाए हैं। इन होडिंगों में भाजपा के नेता हैं, इन होडिंगों में संगठन के पदाधिकारी है। जन्मदिन से पहले ही एक माहौल बन गया है। पुरान बस अड्डा से लेकर लोहिया मार्ग पर होर्डिंग लगे हैं, अंबेडकर रोड पर होर्डिंग लगे हैं। समर्थकों ने केवल जन्मदिन समारोह स्थल पर ही होर्डिंग नहीं लगाए हैं, समर्थकों ने तो लाइन के इस पार भी लगाए हैं और लाइन के उस पार भी होर्डिंग लगाए हैं।

लाइन पार क्षेत्र यानी विजयनगर में विधायक संजीव शर्मा के घर के सामने भी जन्मदिन की बधाई देते हुए होर्डिंग की एक पूरी बहार है। क्षेत्र में बधाई वाले होर्डिंग की एक पूरी कतार है। अगर इस पूरी स्थिति को देखें तो विधायक संजीव शर्मा इस बाहरी सर्वे में टीआरपी की रेस में एक ऐसा फेस बनकर आए हैं जो सब पर भारी पड़ रहे हैं। संजीव शर्मा वैसे भी सियासत के मंझे हुए खिलाड़ी हैं और वो जानते हैं कि कब कौन सा कदम कहां उठाना है। उन्हें अंदाजा है कि एक बाहरी सर्वे है और वो सितंबर के महीने में ये संदेश दे रहे हैं कि जब अक्टूबर और नवंबर में सर्वे की रिपोर्ट बनाओगे तो सबसे आगे हमारा ही नाम होगा।

# पुलिस कमिश्नरेट को मुंबई स्टॉक एक्सचेंज और सेबी के अधिकारी साइबर फ्रॉड से आज करेंगे अवेयर

### कार्यक्रम में पुलिस के अधिकारियों से लेकर ट्रेनिंग ले रहे रिक्रूट होंगे शामिल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** साइबर क्राईम इन दिनों जमकर हो रहा है और साइबर क्राइम का शिकार कभी भी कोई भी हो सकता है। इसी जागरूकता के उद्देश्य के साथ शनिवार को नेहरू नगर स्थित पंडित दीनदयाल ऑडिटोरियम में पुलिस के गजेटेड अधिकारियों से लेकर पुलिस लाइन में सिपाही भर्ती की ट्रेनिंग ले रहे बड़ी संख्या में रिक्रूट भी इस कार्यक्रम में शामिल किए गए है। साइबर अवेयरनेस और साइबर फ्रॉड से सतर्क करने के लिए शनिवार को मुंबई स्टॉक एक्सचेंज और सेबी के अधिकारी जागरूकता कार्यक्रम के तहत गाजियाबाद में रहेंगे। वह पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों और पुलिस कर्मियों को बताएंगे कि किस तरीके से शेयर बाजार में किसी भी तरीके की इन्वेस्टमेंट करते समय क्या सावधानी बरतनी चाहिए ताकि वह ठगी के शिकार ना हों।

### सुबह 11 से 1 बजे तक होगा अवेयरनेस प्रोग्राम



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पंडित दीनदयाल ऑडिटोरियम में होने वाले इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पुलिस कर्मचारी, अधिकारी और वरिष्ठ अधिकारी इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। जिसमें खाकी वालों को बताया जाएगा कि वह साइबर ठगी के शिकार होने से कैसे बचें, किस प्रकार से अलर्ट रहें और ऐसी कौन सी गलतियां हैं जो उनको शेयर बाजार से लेकर किसी अन्य ऑनलाइन ट्रेड में नहीं करनी हैं, ताकि वह साइबर क्राइम के शिकार होने से बच पाएं। यह कार्यक्रम सुबह 11 से 1 बजे तक चलेगा, जिसमें उन्हें विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

## 2047 की संसद कैसी हो?
# पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी का सुझाव, जनता से रायशुमारी का बड़ा अभियान जरूरी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आजादी के अमृतकाल से आगे, शताब्दी वर्ष 2047 की ओर बढ़ते भारत में संसद और विधानसभाओं का स्वरूप कैसा हो? इस सवाल पर पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने एक अहम संदेश दिया है।

बालेश्वर त्यागी ने कहा कि जब देश आजादी की 100वीं वर्षगांठ मनाएगा, तब यह सोचना जरूरी है कि हमारी संसद और विधानसभाएं कैसी हों, निर्वाचित प्रतिनिधि कैसे हों, उनकी कार्यप्रणाली कैसी हो और जनता की समस्याओं को जानने व सुलझाने की पद्धति कैसी हो।

पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने जोर देकर कहा कि इन प्रश्नों पर केवल राजनेताओं या विशेषज्ञों की नहीं, बल्कि पूरी जनता की राय ली जानी चाहिए। इसके लिए एक बड़ा राष्ट्रीय अभियान चलाया जाए, ताकि 2047 की संसद और विधानसभाओं का खाका जनता की भावनाओं और अपेक्षाओं के आधार पर तय हो सके।

बालेश्वर त्यागी का कहना है कि जनता से संवाद और जनमत संग्रह की आधुनिक पद्धतियाँ अपनाकर ही लोकतंत्र को और अधिक सशक्त तथा भविष्य उन्मुख बनाया जा सकता है।



**बालेश्वर त्यागी का कहना है कि जनता से संवाद और जनमत संग्रह की आधुनिक पद्धतियां अपनाकर ही लोकतंत्र को और अधिक सशक्त तथा भविष्योन्मुख बनाया जा सकता है।**

# डीसीपी धवल जायसवाल ने ली पुलिस लाइन में शुक्रवार परेड की सलामी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित परेड ग्राउंड में साप्ताहिक शुक्रवार परेड का आयोजन हुआ। इस अवसर पर पुलिस उपायुक्त नगर/मुख्यालय आईपीएस धवल जायसवाल ने परेड की सलामी ली और बारीकी से निरीक्षण किया।




### सिटी जोन के सभी थाने हुए शामिल

करंट क्राइम : परेड में पुलिस कमिश्नरेट सिटी जोन के अंतर्गत आने वाले कवि नगर, नंदग्राम, मधुबन बापूधाम, विजयनगर, घंटाघर कोतवाली और सिहानी गेट थानों के प्रभारी और बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान डीसीपी ने जवानों की वर्दी, अनुशासन, ड्रील और हथियारों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों और जवानों को सतर्कता, अनुशासन और जनसेवा की भावना के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। परेड के दौरान वाहनों, संचार उपकरणों तथा पुलिस बल की कार्यशैली का भी मूल्यांकन किया गया।

### बेहतर ढंग से काम करने का दिया निर्देश





करंट क्राइम। डीसीपी सिटी जोन धवल जायसवाल ने कहा कि इस तरह की परेड न केवल पुलिस बल की क्षमता को परखने का माध्यम है बल्कि यह मनोबल और आत्मविश्वास बढ़ाने में भी सहायक होती है। उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों को जनता की शिकायतों के त्वरित और निष्पक्ष निस्तारण पर विशेष जोर देने की हिदायत दी।

# सिटी फॉरेस्ट में बढ़ा पानी, बढ़ी आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों की धड़कन

## प्रशासन बोला नहीं है घबराने की कोई जरूरत


### सिटी फॉरेस्ट में पानी बढ़ने से लोगों को सता रहा है बाढ़ का डर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** भले ही दिल्ली, लोनी और इधर मुरादनगर गंग नहर में पानी का जलस्तर कम होने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली हो, पर हिंडन नदी के इलाके से सटे सिटी फॉरेस्ट पार्क में पानी भर जाने और आसपास पानी आने से सिटी फॉरेस्ट और करहैड़ा से सेट लोगों में बाढ़ का डर नजर आ रहा है। स्थानीय निवासी डरे हुए हैं। इलाके के लोगों को कुछ साल पहले हिंडन नदी में जैसी बाढ़ का सामना न करना पड़ जाए। उधर जिला प्रशासन के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार उनका कहना है कि अभी यहां बाढ़ जैसे हालात नहीं हैं।

### पानी आने से स्थानीय लोग हुए अलर्ट

करंट क्राइम : हिंडन नदी से लटे सिटी फॉरेस्ट में पानी आ गया है। जिसके बाद स्थानीय लोग अलर्ट हो गए हैं ।वहीं पूर्व पार्षद विजेंद्र चौहान का कहना है कि सिटी फॉरेस्ट और हिंडन नदी से सटे इलाकों में रहने वाले लोग और करहैडा के निवासी बाढ़ का तांडव झेल चुके हैं। जिससे उन्हें अब डर लगता है। वहीं मौसम विभाग भी अगले एक-दो दिन बारिश का अलर्ट दे रहा है। इससे भी स्थानीय लोगों में पानी का स्तर बढ़ने का डर सता रहा है।







### अधिकारी बोले घबराने की नहीं है कोई बात

करंट क्राइम : इस मामले को लेकर जब दैनिक करंट क्राइम ने एडीएम एफआर सौरभ भट्ट से बात की तो उन्होंने कहा कि कई बार नदी में जलकुंभी से टकराकर पानी इस इलाके में आ जाता है। अभी बाढ़ जैसी कोई चिंता की बात नहीं है। सिटी फॉरेस्ट इलाके को लेकर प्रशासन पूरी तरीके से निगरानी रख रहा है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तत्काल एक्शन लिया जाएगा। संबंधित टीमों को वैसे अलर्ट पर रखा गया है।

## संपादकीय

# नेपाल की चुनौती

नेपाल में Gen-Z ने जिस आंदोलन की शुरूआत की, अब वक्त है उसे अंजाम तक ले जाने का। हिंसा और अराजकता की स्थिति को जल्द से जल्द खत्म करने की जरूरत है। अंतरिम सरकार संभालने के लिए चर्चा में कई नाम हैं और इनमें से किसी एक पर सहमति बनाना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। इसमें राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल और नेपाली सेना की भूमिका अहम हो जाती है। अच्छी बात यह है कि सड़कों पर आक्रोश जताने वाली नई पीढ़ी अब संवाद की तरफ बढ़ रही है।

चाहिए नया नेतृत्व Gen-Z ने इतना बड़ा आंदोलन बिना किसी चेहरे के खड़ा किया। यह भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, भाई-भतीजावाद और सरकार की नाकामी से उपजा गुस्सा था, जिसके चलते युवा सड़कों पर उतरते चले गए। उन्होंने केपीएस ओली की सरकार को तो उखाड़ दिया, लेकिन अब देश को नया नेतृत्व चाहिए। युवाओं को मौजूदा राजनीतिक व्यवस्था पर भरोसा नहीं और इसलिए वे बाहर से किसी ईमानदार छवि वाले शख्स को चाहते हैं।

कानून की बहाली अंतरिम सरकार के सामने सबसे पहली चुनौती कानून-व्यवस्था को बहाल करने की होगी। अभी पूरे देश में सेना ने कमान संभाल रखी है, हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। नेपाल पहले भी इस तरह का संकट देख चुका है और कोई नहीं चाहता कि वैसी स्थिति दोबारा बने। दूसरी चुनौती होगी जितनी जल्दी हो सके, निष्पक्ष चुनाव कराकर चुनी हुई सरकार को सत्ता सौंपने की। राजनेताओं और मौजूदा राजनीतिक पार्टियों को लेकर जनता में गहरी नाराजगी है, लेकिन लोकतांत्रिक प्रक्रिया में किसी को भागीदारी से रोका नहीं जा सकता। देखना होगा कि अंतरिम सरकार कैसे बैलेंस बनाती है। संवैधानिक व्यवस्था पर भरोसा नेपाल में कुछ अरसे से राजशाही की वापसी की मांग चल रही है। इस आंदोलन के दौरान भी यह चर्चा फिर जोर पकड़ी। हालांकि इसे सकारात्मक माना जाना चाहिए कि राजनेताओं के प्रति अविश्वास के बावजूद Gen-Z का भरोसा संवैधानिक व्यवस्था में बना हुआ है। हालांकि वे 2015 के संविधान में संशोधन की मांग कर रहे हैं। आम जन का ख्याल नेपाल का लोकतंत्र अभी दो दशक पुराना भी नहीं हुआ और दुर्भाग्य से इतने कम समय में ही इस देश ने चुनावी राजनीति की सारी बुराइयां देख लीं। Gen-Z का आक्रोश बरसों से जनता के मन में दबे असंतोष का परिणाम है। यह वो पॉइंट है, जहां लिया गया हर एक फैसला नेपाल का भविष्य तय करेगा। और किसी भी फैसले में आम लोगों की आकांक्षाओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

## ट्रंप के टैरिफ से भारत को नुकसान
## लोगों की नौकरियां जा रही हैं : शशि थरूर



**नई दिल्ली।** अमेरिका की ओर से लगाए गए शुल्कों का भारत पर असर पड़ा है और लोगों की नौकरियां जा रही हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने शुक्रवार को यह बात कही। थरूर ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर निशाना साधते हुए कहा कि वे स्वभाव से अस्थिर हैं और कूटनीतिक व्यवहार के पारंपरिक मानकों का सम्मान नहीं कर रहे हैं। अमेरिका ने भारत से आयातित रूसी तेल पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। इसमें रूसी तेल खरीदने के लिए लगाया गया 25 प्रतिशत जुर्माना भी शामिल है।

थरूर ने कहा कि भारत को टैरिफ के प्रभाव को कम करने के लिए निर्यात बाजारों में विविधता लाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सूरत में रत्न व आभूषण कारोबार, समुद्री खाद्य और विनिर्माण क्षेत्र में 1.35 लाख लोगों की नौकरियां चली गई हैं। थरूर ने भारत के रियल एस्टेट क्षेत्र के शीर्ष उद्योग संगठन क्रेडाई द्वारा आयोजित एक सम्मेलन में भारत-अमेरिका संबंधों और टैरिफ लगाने से संबंधित एक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा, श्री ट्रम्प बहुत ही चंचल व्यक्ति हैं और अमेरिकी प्रणाली राष्ट्रपति को बहुत अधिक छूट देती है।

ट्रंप के बारे में अपनी राय जारी रखते हुए थरूर ने कहा, हालांकि उनसे पहले 44 या 45 राष्ट्रपति हुए हैं, लेकिन किसी ने भी व्हाइट हाउस से इस तरह का व्यवहार नहीं देखा। कांग्रेस नेता ने ट्रम्प को हर पैमाने पर एक असामान्य राष्ट्रपति बताया और कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति निश्चित रूप से राजनयिक व्यवहार के पारंपरिक मानकों का सम्मान नहीं करते हैं। थरूर ने कहा, मेरा मतलब है, क्या आपने कभी किसी विश्व नेता को खुलेआम यह कहते सुना है कि वह नोबेल शांति पुरस्कार का हकदार है? ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। क्या आपने किसी विश्व नेता को यह कहते सुना है कि, 'ओह, दुनिया के सभी देश आकर मेरी पीठ चाटना चाहते हैं।'

उन्होंने कहा, क्या आपने किसी ऐसे विश्व नेता के बारे में सुना है जिसने मूलतः यह कहा हो कि भारत और रूस की अर्थव्यवस्थाएं मृतप्राय हैं। मुझे इसकी परवाह नहीं कि वे दोनों एक साथ बर्बाद हो जाएं। उन्होंने आगे कहा कि इस तरह की भाषा किसी भी सरकार के प्रमुख से कभी नहीं सुनी गई।

कांग्रेस नेता ने कहा, इसलिए ट्रंप असामान्य हैं और मैं आपसे अनुरोध करूंगा कि उनके व्यवहार से हमारे प्रदर्शन का आकलन न करें। टैरिफ के प्रभाव पर थरूर ने कहा कि सच्चाई यह है कि टैरिफ का भारत पर बहुत ही नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। उन्होंने कहा, पहले से ही लोग नौकरियां खो रहे हैं। सूरत में रत्न एवं आभूषण व्यवसाय में 1.35 लाख लोगों को नौकरी से निकाल दिया गया है।

## नौ महीने तक गिरने के बाद अगस्त में फिर बढ़ी खुदरा महंगाई

### मुद्रास्फीति दर 2.07 प्रतिशत हुई

**नई दिल्ली।** अगस्त में खुदरा मुद्रास्फीति मामूली बढ़कर 2.07 प्रतिशत हो गई, जो इससे पिछले महीने 1.61 प्रतिशत थी। इसका मुख्य कारण सब्जियों, मांस और मछली की कीमतों में वृद्धि है। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह बात कही गई। अगस्त में खुदरा मुद्रास्फीति मामूली बढ़कर 2.07 प्रतिशत हो गई, जो इससे पिछले महीने 1.61 प्रतिशत थी। इसका मुख्य कारण सब्जियों, मांस और मछली की कीमतों में वृद्धि है। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह बात कही गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति अगस्त 2024 में 3.65 प्रतिशत थी। लगातार नौ महीने तक घटने के बाद खुदरा महंगाई में एक बार फिर से इजाफा दिखा है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर जारी आंकड़ों के अनुसार, अगस्त 2025 के दौरान वार्षिक मुद्रास्फीति अगस्त 2024 की तुलना में (-) 0.69 प्रतिशत थी। एनएसओ ने कहा, अगस्त 2025 के महीने के दौरान हेडलाइन मुद्रास्फीति और खाद्य मुद्रास्फीति में वृद्धि मुख्य रूप से सब्जियों, मांस और मछली,



तेल और वसा, व्यक्तिगत देखभाल और अंडे की मुद्रास्फीति में वृद्धि के कारण है। सरकार ने रिजर्व बैंक को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि मुद्रास्फीति 4 प्रतिशत पर बनी रहे, और दोनों तरफ 2 प्रतिशत का मार्जिन हो।

## रेयर अर्थ मैग्नेट व महत्वपूर्ण खनिजों के उत्पादन को मिलेगा प्रोत्साहन



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार घरेलू स्तर पर रेयर अर्थ मैग्नेट के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन पैकेज तैयार कर रही है। भारी उद्योग और इस्पात मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी ने शुक्रवार को कहा कि चीन की पकड़ वाले इस क्षेत्र में हाल के आपूर्ति व्यवधानों को देखते हुए यह कदम उठाया जा रहा है।

चीन की ओर से प्रमुख धातुओं के निर्यात पर हाल ही में लगाए गए प्रतिबंध के कारण भारत सहित कई देशों में ऑटोमोबाइल और सेमीकंडक्टर चिप्स के विनिर्माण में व्यापक व्यवधान उत्पन्न हो गया है। क्रिटिकल मिनरल मिशन से महत्वपूर्ण खनिजों की क्षेत्र को गति मिली इस बीच केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कहा कि क्रिटिकल मिनरल मिशन देश में इन खनिजों की खोज और उत्पादन को नई गति देगा।

### उत्पादन को बढ़ाने के लिए सरकार का लक्ष्य

मंत्री ने बताया कि सरकार एक ऐसी योजना पर काम कर रही है, जिसके तहत उद्योग को पूंजीगत और संचालन खर्च दोनों के लिए लक्षित सहायता दी जाएगी। इसका मकसद लागत के अंतर को कम करना, प्रमुख उपकरणों पर लगने वाले भारी टैरिफ से राहत देना और बढ़ती वैश्विक पाबंदियों के बीच आपूर्ति की निरंतरता सुनिश्चित करना है। इससे पहले जुलाई में मंत्री ने कहा था कि भारत में रेयर अर्थ मैग्नेट के उत्पादन को सब्सिडी देने के लिए 1,345 करोड़ रुपये की योजना के लिए परामर्श चल रहा है। इसमें दो चुनिंदा निमार्ताओं को प्रोत्साहन देने का प्रस्ताव है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ (एनआईएच) के मुताबिक, 6% से अधिक बच्चे अवसाद से ग्रस्त हैं और उनमें से 4.9% की बड़ी अवसाद है।
- गंभीर अवसाद कोशिकाओं में बुढ़ापे की प्रक्रिया को बढ़ाकर हमें जैविक रूप से अधिक उम्र का बना सकता है।
- अवसाद के लगभग 80% पीड़ित उपचार प्राप्त नहीं कर रहे हैं।
- हास्य कलाकारों और हास्यास्पद लोगों पर किए गए शोध से पता चला है कि वे आमतौर पर औसत से अधिक उदास हैं।
- एक बार जब लोग मध्य जीवन को प्रभावित करते हैं, तो टेस्टोस्टेरोन की कमी के कारण उन्हें अवसाद का खतरा बढ़ सकता है। दुनियाभर में सभी उम्र के 350 मिलियन लोग अवसाद से ग्रस्त हैं। मादक द्रव्यों के सेवन संबंधी समस्याओं के लगभग 30% लोग भी अवसाद से पीड़ित हैं।
- पुरुषों की तुलना में महिलाओं में लगभग दो गुणा अधिक होने की वजह से प्रमुख अवसाद से पीड़ित हैं।
- जिन लोगों में से 15% अवसाद से ग्रस्त होते हैं, वे हर साल अपनी जान लेते हैं।

## बढ़त के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स 356 अंक चढ़ा निफ्टी 25100 के पार



**नई दिल्ली।** शुक्रवार को शेयर बाजार हरे निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 355.97 अंक उछलकर 81,904.70 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 108.50 अंक की बढ़त के साथ 25,114 पर बंद हुआ। निफ्टी लगातार आठवें दिन बढ़त के साथ बंद हुआ।

हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 355.97 अंक या 0.44 प्रतिशत चढ़कर 81,904.70 अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 108.50 अंक या 0.43 प्रतिशत बढ़कर 25,114 अंक पर पहुंच गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया अपने सर्वकालिक निम्नतम स्तर से 9 पैसे बढ़कर 88.26 (अनंतिम) पर बंद हुआ।

## राशिफल

**मेष :** अपना मूड बदलने के लिए सामाजिक मेलजोल का सहारा लें। आपकी गैर यथार्थवादी योजनाएँ आपके धन को कम कर सकती हैं। अपने परिवार को पर्याप्त समय दें।
**वृष :** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आप अपनी मेहनत और लगन से लगातार आगे बढ़ते जायेंगे। किसी धार्मिक आयोजन में जाने का प्लान भी बना सकते हैं।
**मिथुन :** मंदिर जाने या कोई धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन की योजना बना सकते हैं। माता का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा। विदेश गमन के लिए परिस्थिति अनुकूल होगी।
**कर्क :** काम के बीच-बीच में थोड़ा आराम करें और देर रात तक काम न करें। उन लोगों की सलाह पर पैसे लगाएँ, जो मौलिक सोच रखते हों और अनुभवी भी हों।
**सिंह :** आज आपका दिन शानदार रहेगा। आपका मन उमंग से भरा रहेगा। हर कोई आपकी बात को ध्यान से सुनना पसंद करेगा। आप कुछ नया करने की कोशिश करते रहेंगे।
**कन्या :** कीर्ति यश में वृद्धि होगी। नेतृत्व का गुण और लोगों की जरूरतों को समझने की संवेदनशीलता है। खुद को अभिव्यक्त करने पर जोर देंगे, सफलता कदम चूमेगी।
**तुला :** अगर आपकी योजना बाहर घूमने-फिरने की है तो आपका वक़्त हंसी-खुशी और सुकून भरा रहेगा। अपने निवेश और भविष्य की योजनाओं को गुप्त रखें।
**वृश्चिक :** दिन उत्तम रहेगा। आपकी सेहत पहले से बेहतर रहेगी। अकारण शुरू हुई बाधाओं का अंत आज अपने आप हो जायेगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा।
**धनु :** कार्यक्षेत्र में विवाद हो सकता है। जीवनसाथी के साथ भविष्य की योजनाएं बनाएंगे। मकान खरीदने या बनाने के मामले में पार्टनर की राय को नजरअंदाज ना करें।
**मकर :** मौज-मस्ती और मनपसंद काम करने का दिन है। यात्रा आपको थकान और तनाव देगी, लेकिन आर्थिक तौर पर फायदेमंद साबित होगी।
**कुंभ :** दिन फायदा देने वाला रहेगा। किसी विदेशी कंपनी से साझेदारी हो सकती है। इसका लाभ आपको आने वाले समय में मिलेगा। लोगों के बीच आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।
**मीन :** अनियमितता के कारण स्वास्थ्य प्रतिकूल हो सकता है। जीवनसाथी का प्यारा बर्ताव दिन खुशनुमा बना सकता है। वित्तीय मामले में थोड़ा सतर्क रहने की जरुरत है।

## चुटकुले

पत्नी के जन्मदिन पर हद से ज्यादा कंजूस पति ने पूछा - तुम्हें क्या गिफ्ट चाहिए?
पत्नी की इच्छा नई कार लेने की थी।
उसने इशारों में कहा - मुझे ऐसी चीज लेकर दो, जिस पर सवार होते ही वो सेकण्ड में 0 से 100 पर पहुंच जाए।
शाम को पति घर आते वक्त अपनी पत्नी के लिए वजन तौलने वाली मशीन ले आया।

---

गप्पू का सवाल
गप्पू सारी जिंदगी सोचता रहा,
सोचता रहा और सोचते-सोचते पागल हो गया कि
मेरे बहन के दो भाई तो मेरा एक कैसे?

---

जब भी अपने दोस्तों को ऑनलाइन
देखता हूं तो दिल को सुकून मिलता है
कि मैं अकेला ही फुर्सत में नहीं बैठा हूं।
काम-धंधा तो इनके पास भी नहीं है।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## 13 09 2025 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन



अभय मिश्रा
अपर पुलिस अधीक्षक



महिमा चौधरी (अभिनेत्री)



दिवानी कश्यप



यशिका राघव



यश कश्यप



नैना रोहित ठाकुर



बबीता प्रजापति



सारीका चौधरी



किरण भारती



सुमन



मुकुल कौशिक



उमाशंकर सिंह



आशीष मैत्रेय



विनीत यादव



यौगेश गुप्ता



ताहिर



उस्मान सिद्दीकी



विकास मल्होत्रा



अमित त्यागी



चेतन जौनी



सोहन रावत



सुशील कुमार



विशाल उपमन्यु



विवेक शर्मा



विक्रांत त्यागी



अरविंद श्रीवास्तव



जितेन्द्र तोमर



सचिन चंदेला

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# सात्विक-चिराग की जोड़ी का शानदार प्रदर्शन जारी, हांगकांग ओपन के सेमीफाइनल में बनाई जगह



**नई दिल्ली।** सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए हांगकांग ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। सात्विक-चिराग की जोड़ी ने शुक्रवार को मलयेशिया के आरिफ जुनैदी और रॉय किंग याप की जोड़ी को 21-14, 20-22, 21-16 से हराया। भारतीय जोड़ी ने इश दौरान बेहतर तालमेल का नमूना पेश किया और मलयेशियाई जोड़ी को 64 मिनट में ही परास्त कर दिया।

## धीमी शुरूआत के बाद किया बेहतर प्रदर्शन

सात्विक और चिराग की आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने धीमी शुरूआत की, लेकिन एक बार जब स्कोर 12-12 हो गया तो उन्होंने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया और लगातार पांच अंक बना कर पहला गेम जीता। मलयेशियाई खिलाड़ियों ने दूसरे गेम में अपनी लय हासिल करके अच्छी वापसी की। उन्होंने स्कोर 6-6 से बराबर किया और इसके बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा। लेकिन सात्विक और चिराग ने अच्छी वापसी करके स्कोर 20-20 से बराबर कर दिया। आरिफ-याप की जोड़ी ने हालांकि अगले दो अंक बनाकर मैच को बराबरी पर ला दिया।

तीसरे और निर्णायक गेम में भारतीय जोड़ी ने बेहतर खेल दिखाया और मलयेशिया की जोड़ी को एक बार भी बढ़त हासिल नहीं करने दी और मैच अपने नाम किया। सात्विक और चिराग ने गुरुवार को थाईलैंड के पीराचाई सुकफुन और पक्कापोन तीरात्साकुल को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की थी।

# भोजपुर पुलिस ने साइबर फ्रॉड में ठगे गए 74 हजार वापस करवाए




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** थाना भोजपुर पुलिस ने साइबर सेल की मदद से एक पीड़ित को ऑनलाइन ठगी में गंवाए गए 74 हजार रुपये की पूरी धनराशि वापस कराई है।

थाना अध्यक्ष भोजपुर सचिन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि छोटू निवासी भोजपुर के साथ ऑनलाइन ठगी की गई थी। मामले की शिकायत पोर्टल पर दर्ज हुई थी, जिस पर साइबर सेल थाना लोनी और थाना भोजपुर पुलिस की टीम ने तत्काल कार्रवाई शुरू की। तकनीकी प्रयासों के बाद पीड़ित की पूरी धनराशि को होल्ड कराया गया और शुक्रवार को 74 हजार रुपये सफलतापूर्वक उसके खाते में वापस करा दिए गए है। वहीं थानाध्यक्ष ने बताया कि साइबर अपराधों के खिलाफ लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है और लोगों को भी सतर्क रहने की अपील की जाती है।

## लोनी से यमुनोत्री मार्ग तक चलेगा अभियान

# हर सड़क होगी गड्ढा मुक्त

## सड़क पर नहीं मिलेंगे गड्ढे, जिलाधिकारी ने दी सख्त हिदायत





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार के निदेर्शों के अनुपालन में लोक निर्माण विभाग ने वर्षा ऋतु के बाद सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने का बड़ा अभियान शुरू कर दिया है। इस कार्य में सबसे पहले उन मार्गों को प्राथमिकता दी जा रही है, जो अधिक क्षतिग्रस्त और अत्यधिक आवश्यक हैं। फिलहाल दिल्ली-सहारनपुर-यमुनोत्री मार्ग को गड्ढा मुक्त करने का काम तेजी से चल रहा है। लोनी के आबादी वाले हिस्से में यह सड़क नालों के पानी और बारिश से बुरी तरह खराब हो गई थी। विभाग ने पत्थर भरकर सड़क को मोटरेबल बना दिया है, ताकि आम लोगों को आवाजाही में दिक्कत न हो। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने साफ निर्देश दिए हैं कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप हर सड़क को गड्ढा मुक्त किया जाए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को चेतावनी दी कि मरम्मत कार्य क्रमवार और पूरी गुणवत्ता के साथ किया जाए।

# सहकारी गन्ना विकास समिति की बैठक में कई अहम फैसले, पेराई सत्र की तैयारी



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड, मोदीनगर की सामान्य निकाय की बैठक समिति के हॉल में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष राजकुमार (राजन चौधरी) ने की, जिसमें उपाध्यक्ष उत्तम त्यागी, सभी संचालक सदस्य और सामान्य निकाय के डेलीगेट ने हिस्सा लिया। इस दौरान समिति के सचिव राम बाबू अम्बेडकर और ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक सुमित पाण्डेय सहित चीनी मिलों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।

बैठक में आगामी पेराई सत्र 2025-26 के लिए गन्ना सुरक्षण प्रस्ताव पर मुख्य रूप से चर्चा की गई। इसके अलावा, समिति के पुराने ऋणों को बट्टे खाते में डालने और काफी पुराने स्टॉक को राइट ऑफ करने जैसे महत्वपूर्ण प्रस्तावों को भी पारित किया गया। समिति के वर्ष 2025-26 के बजट के अनुसार अगस्त तक के मदवार व्यय को भी मंजूरी दी गई।

एक महत्वपूर्ण निर्णय में, समिति परिसर में बस स्टैंड के पास पुराने खाद गोदाम की जगह पर एक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बनाने पर भी विचार किया गया, ताकि समिति की आय में वृद्धि हो सके। बैठक के दौरान गन्ना मूल्य भुगतान और गन्ना किसानों की समस्याओं पर भी खुलकर चर्चा हुई। सभा के अंत में, अध्यक्ष ने सभी उपस्थित सदस्यों का धन्यवाद किया और बैठक को सफलतापूर्वक संपन्न घोषित किया।

# मोरटी के डूब क्षेत्र में लगभग 17 बीघा में विकसित की जा रही अनाधिकृत कालोनियों में प्राधिकरण ने किया ध्वस्तीकरण

## तीन धर्म कांटे भी किए गए ध्वस्त, नंद ग्राम में दो दुकानों पर की गई सीलिंग की कार्रवाई





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष के स्वीकृत नक्शे के विपरित और अनाधिकृत कालोनियों पर समय रहते एक्शन के निर्देश के क्रम में शुक्रवार को प्राधिकरण के प्रवर्तन जोन 1 के प्रभारी के नेतृत्व में ग्राम मोरटी के डूब क्षेत्र में विकासकर्ता अशोक जैन के द्वारा लगभग 8 बीघा में विकसित की जा रही अनाधिकृत कालोनी में बिजली के पोल , बाउंड्री और कालोनाइजर के दफ्तर पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। इसी के क्रम में ग्राम मोरटी में ही महादेव इन्कलेब नाम से लगभग 9 बीघा में विकसित की जा रही अनाधिकृत कालोनी में भी ध्वस्तीकरण किया गया।

ध्वस्तीकरण के दौरान कुछ लोगों के द्वारा विरोध किया गया, हालांकि थाना पुलिस एवं प्राधिकरण के पुलिस दस्ते के द्वारा विरोध करने वालों को खदेड़ दिया गया। मोरटी रोड पर एके चिल्ड्रन स्कूल के सामने और जीडी गोयनका स्कूल के निकट अनाधिकृत तरीके से संचालित तीन धर्म कांटे ध्वस्त किए गए। नंद ग्राम की बैम्वे कालोनी के सामने नंद्र ग्राम में साहिल वर्मा के द्वारा स्वीकृत नक्शे के विपरित बनायी गई दो दुकानों को सील किया गया। इस बीच चेतावनी दी गई कि अवैध निर्माण के खिलाफ प्राधिकरण की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। कार्यवाही के दौरान प्रवर्तन जोन 1 के सहायक अभियंता, अवर अभियंता , पुलिस बल और समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# श्रेष्ठ शिक्षक सम्मान से सम्मानित कोमल त्यागी का हुआ भव्य अभिनंदन











**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** महर्षि दयानंद विद्यापीठ की वाणिज्यिक प्रवक्ता कोमल त्यागी, जिन्हें 5 सितम्बर शिक्षक दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा श्रेष्ठ शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया था, का आज कविवर कृष्ण मित्र चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा अभिनंदन किया गया। समारोह में ट्रस्ट की ओर से कोमल त्यागी को 21,000 की सम्मान राशि, सम्मान पत्र और प्रतीक प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के संरक्षक परम आदरणीय बालेश्वर त्यागी, महर्षि दयानंद विद्यापीठ की प्रधानाचार्य, पूर्व विधायक कृष्ण वीर सिंह सिरोही, हिमांशु लव, श्रीमती आंचल लव, मनु वशिष्ठ, सत्य प्रकाश यादव सहित पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

**संस्थान का गौरव :** महर्षि दयानंद विद्यापीठ के आजीवन अध्यक्ष रहे स्व. श्री कृष्ण मित्र की स्मृति में आयोजित इस कार्यक्रम ने संस्थान के गौरव को और बढ़ाया। यही संस्थान, जिसकी नींव बालेश्वर त्यागी और कृष्ण मित्र ने एक छोटे से कमरे से रखी थी, आज एक विशाल शैक्षिक केंद्र के रूप में स्थापित हो चुका है। यहाँ के विद्यार्थी लगातार जिला व राज्य स्तर पर उपलब्धियाँ हासिल करते रहे हैं।

**गर्व का क्षण:** कोमल त्यागी को मिला यह सम्मान न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है बल्कि पूरे महर्षि दयानंद विद्यापीठ परिवार के लिए गर्व का क्षण है। यह उपलब्धि संस्थान की गुणवत्ता और शिक्षा जगत में बढ़ते प्रभाव को दशार्ती है।

# फिक्की एराइज के सदस्यों ने नेहरू वर्ल्ड स्कूल का किया दौरा

## - स्कूल के क्रिया कलापों को करीब से देखा





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शास्त्रीनगर स्थित नेहरू वर्ल्ड स्कूल में फिक्की एराइज सदस्यों ने दौरा किया। देशभर से आए फिक्की एराइज के सदस्यों ने स्कूल के इंफ्रास्ट्रक्चर, पढाई की शैली व अन्य क्रिया कलापों को करीब से देखा। स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों ने फिक्की एराइज टीम के सदस्यों का स्वागत किया।

स्कूल के निदेशक अरुणाभ सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में आपसी सहयोग बढ़ाना, अनुभव साझा करना और शिक्षा के नए तरीकों को समझना था। फिक्की एराइज एक राष्ट्रीय संगठन है जो स्कूली शिक्षा को और बेहतर, समान और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप बनाने के लिए काम करता है। यह शिक्षकों, स्कूलों और नीति-निमाताओं को एक साथ लाकर शिक्षा में नई सोच और सुधार को बढ़ावा देता है। नेहरू वर्ल्ड स्कूल हमेशा विद्यार्थियों को प्रगतिशील शिक्षण, अंतर्राष्ट्रीय अनुभव और जिम्मेदार नागरिकता के साथ समग्र शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है। स्कूल ने अतिथियों के लिए दिनभर का कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें सिर्फ पढ़ाई ही नहीं बल्कि उससे आगे की गतिविधियां भी शामिल थीं। इसमें इसमें विभिन्न शिक्षण विधियों के साथ-साथ अन्य कई पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया जो बच्चों के संपूर्ण विकास में मदद करती हैं। स्टार्टअप सुपरस्टार से विद्यार्थियों को उद्यमिता की समझ मिलती है। क्रेयो अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव रचनात्मकता, कला और तकनीक का उत्सव है। कैरियर काउंसलिंग बच्चों को अपने भविष्य के लिए सही विकल्प चुनने में मदद करती है।

इस पूरे दिन ने न सिर्फ स्कूल की विशेष पहलुओं को दिखाया, बल्कि फिक्की के सदस्यों को भी नए विचार साझा करने और शिक्षा की उन्नत रणनीतियों पर चर्चा करने का अवसर दिया। विद्यालय की प्राचार्या ने कहा कि अपने अनुभव साझा करने का अवसर हमारे लिए सम्मान की बा त है। इस तरह के संवाद 21वीं सदी की शिक्षा को और मजबूत बनाते हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए बदलाव का मार्ग खोलते हैं।

# यूपी एसटीएफ ने गौर सिद्धार्थम के फ्लैट में रेड मारकर ठगी के बड़े गैंग का भंडाफोड़ किया, 6 लोग गिरफ्तार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** यूपी एसटीएफ ने गाजियाबाद में ठगी के एक बडे मामले का खुलासा किया है। एसटीएफ की टीम ने सोसाइटी में छापा मारकर ठगी का खुलासा किया है। इस मामले में यूपी एसटीएफ ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में बंधन बैंक के मैनेजर भी शामिल है। मौके से 25 लाख रुपए और कैश गिनने की मशीन बरामद की गई है।

एसटीएफ के सदस्यों को पूछताछ में कई चौकाने वाले खुलासे हुए है। फर्जी आईडी के जरिए किराए पर फ्लैट लेकर लोगों से ऑन लाइन ठगी की जाती थी। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने 100 से ज्याद म्यूल अकाउंट बनाए थे। जिसमें ठगी के पैसों को जमा किया जाता था। लोगों को अपनी बातों में फंसाकर कैश एक्सचेंज के जरिए ठगी करते थे। एसटीएफ की टीम ने सिद्धार्थ विहार स्थित गौर सिद्धार्थम सोसाइटी में रेड कर गिरोह का खुलासा किया है। इस मामले में एसटीएफ ने विजयनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# सभी लोगों के सहयोग से आवारा कुत्तों की आबादी को कम करने का अभियान चलाया जाएगा : विजय गोयल

## कुत्तों की जगह कुतियों का बधियाकरण किया जाएगा



**नोएडा, करंट क्राइम।** पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल ने कहा कि कुत्तों की आबादी का बढना एक चिंता का विषय है। कुत्तों की आबादी को कम करने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। सेक्टर 27 स्थित गंगा कॉम्प्लेक्स में प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि शहर के लोगों के सहयोग से लावारिस आवारा कुत्तों की आबादी को कम करने के लिए अभियान चलाया जाएगा।

प्रेसवार्ता को फोनरवा के अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह, कोरवा के दिल्ली के उपाध्यक्ष सौरभ गांधी, कोरवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागी ने संबोधित किया।


कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी ने कहा कि बहुत सारे कामां को बहुत अच्छी तरह करने का सबसे बढ़िया रास्ता है की एक दफा में एक काम किया जाए। एनिमल वेलफेयर बोर्ड के अनुसार, कुत्तां के बधियाकरण का काम नगर निगम भी कर सकता है और एनजीओ भी कर सकते हैं। एनजीओ को कुत्तो के बधियाकरण का काम नहीं दिया जाना चाहिए। केवल इतना करने से कुत्तां की बढ़ती हुई जनसंख्या पर ब्रेक लग जाएगा ।


इस मौके पर पूर्व मंत्री विजय गोयल को गाजियाबाद में आने के लिए पुनः आमंत्रित किया गया है।

कोरवा के दिल्ली प्रदेश के उपाध्यक्ष सौरभ गांधी ने बताया की हम एनिमल वेलफेयर बोर्ड के सह चेयरमेन और सचिव से उनके दिल्ली में स्थित मुख्यालय में जाकर मिले थे और उनसे कुत्तां से संबन्धित एडवाइजरी जारी करने की मांग की थी। हमारी एक मांग मान ली गई है कि अब बधियाकरण में कुत्तों की बजाय कुत्तियों को वरीयता दी जाएगी। सभी वक्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का इंतेजार करने के लिए कहा।

# नेपाल में फंसी वॉलीबॉल टीम को भारत ने सुरक्षित निकाला

## मदद की गुहार लगाते वायरल हुआ था वीडियो





**नई दिल्ली।** नेपाल में भड़के हिंसक प्रदर्शन के बीच भारत की एक वॉलीबॉल टीम को काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास ने सुरक्षित निकाल लिया है। जानकारी के मुताबिक, दूतावास लगातार टीम से संपर्क में रहा और उन्हें सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने की व्यवस्था की। टीवी प्रेजेंटर उपासना गिल द्वारा सोशल मीडिया पर मदद की अपील के बाद सरकार ने तेजी से कार्रवाई की। अब तक हिंसा में 34 लोगों की मौत हो चुकी है।

टीवी प्रेजेंटर और वॉलीबॉल लीग की होस्ट उपासना गिल ने सोशल मीडिया के जरिये एक आपातकालीन वीडियो बनाया था और भारतीय सरकार से उन्हें और टीम को बचाने की अपील की थी। उन्होंने बताया कि उनका होटल आग की चपेट में आ गया है और वह हिंसक भीड़ के हमले से बचकर भागी हैं। उपासना ने कहा, 'मैं पोखरा में फंसी हुई हूं, होटल जला दिया गया है, मेरा सारा सामान वहीं था। मैं स्पा में थी जब लोग बड़े लाठी लेकर आए। मैं मुश्किल से अपनी जान बचा पाई।' उपासना गिल ने प्रफुल्ल गर्ग के साथ साझा किए वीडियो में कहा कि यहां हालात बहुत खराब हैं।

उपासना ने कहा था, 'हर जगह सड़कों पर आग लगाई जा रही है। प्रदर्शनकारी पर्यटकों को भी नहीं बख्श रहे हैं। उन्हें इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि कोई पर्यटक है या कोई काम से आया है। वे बिना सोचे-समझे हर जगह आग लगा रहे हैं। हमें नहीं पता कि हम कब तक किसी और होटल में रहेंगे। लेकिन मैं भारतीय दूतावास से विनती करती हूं कि कृपया यह वीडियो, संदेश उन तक पहुंचा दिया जाए। आप सभी से हाथ जोड़कर विनती है। हमारी मदद करें। मेरे साथ यहां बहुत से लोग हैं, और हम सब यहां फंसे हुए हैं।'

## सार्वजनिक सूचना/बेदखली हेतू

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल विनय मोहन केन पुत्र खजान सिंह नि०-ए-33 लोहिया नगर थाना सिहानी गेट जिला गाजियाबाद का विवाह रीता पुत्री कंछिद सिह नि०- ओर्डिनेंस फैक्टरी मुरादनगर जिला गाजियाबाद के साथ दिनाक 10.11.1995 मे हुआ था जिससे उसे एक पुत्र शान्तनु उम्र करीब 28 वर्ष व पुत्री हनिका उम्र करीब 27 वर्ष पैदो हुये। मेरे मुवक्किल व उसकी पत्नी के मध्य विवाद था जिस कारण से माह सितम्बर 2003 से कोई वास्ता ताल्लुक नही रहा तथा दिनांक 05.09.2022 को मेरे मुवक्किल व उसकी पत्नी रीता का तलाक हो गया और मेरे मुवक्किल ने दिनांक 06.05.2023 को पुर्नविवाह कर लिया। मेरे मुवक्किल के पिता खजान सिंह की मृत्यु दिनांक 25.11. 1992 एवं माता विमला देवी की मृत्यु दिनांक 26.06.2024 को हो चुकी है। मेरे मुवक्किल के परिवार मे अन्य कोई सदस्य नही है। मेरे मुवक्किल की पूर्व पत्नी व बच्चे लालच के वशीभूत होकर मेरे मुवक्किल की सम्पत्ति पर लगभग 22 वर्ष बाद नाजायज हक व अधिकार जमाना चाहते है और समाज मे कहते फिर रहे है कि हमारा मेरे मुवक्किल से कोई सम्बन्ध विच्छेद नही हुआ है। यदि इन तीनो से कोई व्यक्ति संबंध रखता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होंगे मेरे मुवक्किल की कोई जिम्मेदारी नही होगी। यह नोटिस प्रकाशन कर दिया है।

दिनांक- 10-09-25

नोटिस देहिंदा
श्याम वर्मा एडवोकेट
चैम्बर नं0-38 जनपद
न्यायालय परिसर राजनगर गाजियाबाद
मो0-9810526498

# दिल में उतर गया नाटक 'कोई एक रात'

## मां-बेटी के रिश्तों की खटास और गहराई का संवेदनशील मंचन










**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हिन्दी भवन समिति द्वारा आयोजित दो दिवसीय नाट्य समारोह के दूसरे दिन शुक्रवार को रंगमंच पर एक ऐसा नाटक खेला गया, जिसने दर्शकों के दिल को छू लिया। अनुकृति कानपुर की ओर से प्रस्तुत 'कोई एक रात' नाटक में मां-बेटी के रिश्तों की तलखियों, अधूरेपन और गहराई को बड़ी खूबसूरती से सामने रखा गया।

**नाटक की कहानी :** एक रात, दो पीढ़ियाँ और अधूरे रिश्ते : नाटककार अशोक सिंह द्वारा लिखित और डा. ओमेन्द्र कुमार के निर्देशन में तैयार इस प्रस्तुति में मां पूर्वा (संध्या सिंह) और बेटी सुमि (दीपिका सिंह) के बीच बीती एक रात की गहन बातचीत दिखाई गई। मां एक ऐसी औरत है जिसने फिल्मी दुनिया में कदम जमाने और टिके रहने के लिए कई समझौते किए। काम, अवॉर्ड्स और स्टेटस के लिए उसने बार-बार अपनी आत्मा को गिरवी रखा। वहीं बेटी थिएटर से जुड़ी है और आत्मसम्मान को सर्वोपरि मानती है। वह कहती है कि थिएटर कभी मेरी इज्जत की कीमत पर मुझसे कुछ नहीं मांगता। यह टकराव महज विचारधारा का नहीं बल्कि दो ज़िंदगियों का है—एक वो जो समझौतों से थक चुकी है और दूसरी वो जो खुद को बचाना चाहती है।

### भावनाओं का उतार-चढ़ाव और रिश्तों का खुलना

**करंट क्राइम।** पूरा नाटक मां-बेटी के बीच कटु संवादों, पुराने घावों और अधूरी शिकायतों से आगे बढ़ता है। लेकिन जैसे-जैसे रात बीतती है, रिश्तों की गांठें खुलने लगती हैं। एक दृश्य में जब मां की तबियत बिगड़ती है और बेटी उसका सिर अपनी गोद में रखकर दिलासा देती है, तो मंच पर ऐसा भावुक माहौल बनता है कि दर्शक भी भाव-विभोर हो उठते हैं। नाटक का मोड़ तब आता है जब बेटी बताती है कि वह थिएटर में मिले एक पेंटर से प्रेम करने लगी है, जो उससे 22 साल बड़ा है। इस रहस्योद्घाटन से मां के भीतर तूफान उठ खड़ा होता है और मंच पर तनाव चरम पर पहुंच जाता है। सवाल उठता है—आखिर वह कौन है? और इस खुलासे से मां-बेटी के रिश्ते का भविष्य क्या होगा?

### सशक्त अभिनय ने बांधे रखा

**दर्शकों को :** दोनों कलाकारों संध्या सिंह और दीपिका सिंह ने अपने शानदार अभिनय से किरदारों को जिया। मां के दर्द और बेटी के आत्मसम्मान की लड़ाई को उन्होंने इस तरह पेश किया कि दर्शक पंक्ति दर पंक्ति तालियों से उनका हौसला बढ़ाते रहे। मंच व्यवस्था सम्राट यादव, आकाश, विजय, रोशन और वसीम ने संभाली। संगीत विजय भास्कर का रहा जबकि प्रकाश परिकल्पना कृष्णा सक्सेना की थी। इन सबने मिलकर प्रस्तुति को और प्रभावशाली बनाया।

**सार:** 'कोई एक रात' केवल एक नाटक नहीं बल्कि एक संवाद था—मां और बेटी के बीच का, बीते वर्षों और अधूरे रिश्तों का। इसने दर्शकों को यह सोचने पर मजबूर किया कि समझौते और आदर्शों की लड़ाई में भी रिश्तों की बुनियाद हमेशा प्रेम ही होती है।



### अतिथियों की मौजूदगी

**करंट क्राइम।** इस मौके पर कार्यक्रम के अतिथि रहे पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी, हिंदुस्तान अखबार के ब्यूरो चीफ महकार सिंह, राज कौशिक और आर.के. जैन। समारोह में हिन्दी समिति के अध्यक्ष ललित जायसवाल और महासचिव सुभाष गर्ग ने कलाकारों को बुके और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। बड़ी संख्या में कला-प्रेमी दर्शक नाटक देखने पहुंचे और प्रस्तुति के बाद खड़े होकर कलाकारों का अभिवादन किया।




### कर लो नोट इन्हीं कालोनियों से बरसेंगे फिर से वोट

हाउस वाले टैक्स को लेकर फूल वाले पार्षदों ने मोर्चा खोला है। विपक्ष वाले भी साथ लग लिये हैं। ये अलग बात है कि उन्होंने अभी तक मुंह नहीं खोला है। पार्षद कह रहे हैं कि हमारा विरोध अपने पोलीटिक्ल कैरियर को लेकर भी है। हम क्या मुंह लेकर जनता के बीच जायेंगे। लोग हमें देखकर घरों के गेट नहीं खोलेंगे। इस पर फूल वाले ने ही ठहाका लगाया और कहा कि तुम मेरी बात लिखकर नोट कर लो। इन्हीं कालोनियों से वोट बरसेंगे। उसने याद दिलाया कि नदिया पार वाले जिन भगवान ने कोरोना काल में अपने घर के दरवाजे बंद कर लिये थे। वो भी बंद गेट के बावजूद चुनाव जीते। उन्होंने बताया कि जिन्होंने कहा था कि वोट देना हो तो देना, ना मर्जी हो तो मत देना। उन पर भी वोट बरसे और वो भी चुनाव जीते। जो बगावत कर रहे थे उनकी बगावत के बाद भी मौहल्लों से भाजपा 10 सीटों का इजाफा लेकर आई। कहने वाले ने यहां कहा कि ना किसी की बगावत काम आई, ना कोई खराब रिपोर्ट कार्ड चला और सबके सब जीत गये। लिहाजा इस टैक्स-वैक्स की चिंता मत करो। ना सरकार को चिंता है, ना संगठन को चिंता है। फिर तुम क्यों भागे-भागे फिर रहे हो।

### वो होटल वाला बताता है किस नेता को अपनी बुआ

एक होटल में शहर के सबसे बड़े बाजार को डर्टी पहचान दिला दी। आती-जाती महिलाएं परेशान, आस -पड़ोस के दुकानदार परेशान और अब पब्लिक ने ही मोर्चा खोला। किस्सा बाजार में चला तो पता चला कि होटल वाला तो एक बड़ी नेता को अपनी बुआ बताता है। वो तो उन्हीं की कृपा से कैटरिंग का बिजनिस भी चलाता है। बात धीरे-धीरे बाहर निकली है तो पता चला है कि अब तक इसीलिए कुछ नहीं हुआ क्योंकि एक नेता बताई जाती है उनकी बुआ। बताने वाले ने बताया कि एक बार आप होटल की मिल्कियत और चैक कर लो तो आंख खुल जायेंगी। होटल किसी का है, कागजों पर मालिक कोई और है और किराया कोई और ले रहा है। बाजार जानता है उनकी बुआ का नाम लेकिन वो इसलिए खामोश हैं क्योंकि अब जनता ही पूछ लेगी सब कुछ अपने आप।

### पहले भी आई थी एक पार्षद हमसे हमारी जमीन का हिसाब मांगने

एक जमीन को लेकर किस्सा गूंज रहा है। जमीन जिला पंचायत की है और सुना है कि निगम वालों की नजर वहां पड़ गई है। सरकार वाले वहां खड़ी होने वाली कार पर भी नजर रख रहे है। बात जमीन वालों तक भी पहुंची तो उन्होंने भी बता दिया कि निन्यानवे साल की लीज हमारे नाम है। हमारे पास पूरे कागज है। इसके बाद उन्होंने बताया कि अब हम इनके भी तेवर देख लेंगे। हमने तो पहले वालों को भी चलता कर दिया था। उन्होंने बताया कि एक मैडम पार्षद यहां हमसे जमीन का हिसाब पूछने आई थीं और हमने उन्हें बता दिया था कि ये जमीन नगर निगम की नहीं है। और दूसरी बात ये कि हू आर यू, जो हमसे हमारी ही जमीन के बारे में सवाल पूछें। सुना है लैंड वाले भी कानूनी कार्यवाही का बैंड बजाने के लिए तैयार बैठे हैं।

## केबल के सहारे लटक रहा है बिजली का खंभा, विभाग के पास ठीक करने का समय नहीं



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वसुंधरा सेक्टर-1 स्थित शहीद भगत सिंह पार्क के कोने पर मकान नंबर 403 के सामने बिजली का पोल जड़ से गल कर हवा में केबल के भरोसे झूल रहा है। बिजली के पोल के लटकने से यहां रह रहे लोगों ने पार्क के उस हिस्से में जाना बंद कर दिया है। लोगों ने बताया कि इसकी शिकायत विद्युत वितरण निगम के सेक्टर-16 कार्यालय में की गई। शिकायत पत्र के साथ वीडिया भी भेजा गया। मगर पोल को देखने कोई नहीं आया। विभाग ने खंभा बदलने की बात तो कही मगर लोगों ने रात में हवा के झोंके से गिरने की आशंका व्यक्त करते हुए झूलते पोल को रस्से से पेड़ के तने पर बांधने की मांग की। जिसे विद्युत विभाग ने ठुकरा दिया। गुस्साए लोगों ने पोल के नीचे खड़े होकर पीवीवीएनल के विरुद्ध नारेबाजी की। प्रदर्शन में ट्रांस हिंडन आर डब्ल्यू ए फेडरेशन की सचिव ऋचा त्यागी, रीना सिंह, विशाखा सिंह श्रीदेवी पाल आदि उपस्थित रहे।

## विकास कार्यों और जलभराव पर लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर हुए सख्त

### कहा, 'लापरवाही किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी'

**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने शुक्रवार को तहसील सभागार में आपात विभागीय बैठक बुलाई। बैठक में राजस्व, नगरपालिका, जल निगम, बिजली और पीडब्ल्यूडी सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। विधायक ने साफ कहा कि जनता से जुड़े कामों में देरी या लापरवाही स्वीकार नहीं होगी।

**'जलभराव पर युद्धस्तर पर काम हो'** : विधायक ने दिल्ली-सहारनपुर मार्ग और लोनी के अन्य हिस्सों में जलभराव की समस्या पर सख्ती दिखाई। नगरपालिका और जल निगम को संयुक्त अभियान चलाकर पानी निकासी की व्यवस्था दुरुस्त करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था और मशीनरी संचालन की निगरानी अब एसडीएम लोनी स्वयं करेंगे।

बैठक में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम लोनी दीपक सिंघनवाल, ईओ नगर पालिका परिषद लोनी के.के. मिश्र, पीडब्ल्यूडी से गुलाब सिंह, जल निगम से संजय सिंह, विद्युत विभाग से एसडीओ पंचम, अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड-2 और 3, वरिष्ठ सफाई निरीक्षक लोनी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।





### 'काम में अड़चन डालने वालों पर गिरेगी गाज' : विधायक

**करंट क्राइम।** विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने निर्देश दिया कि विकास कार्यों में जानबूझकर देरी करने या हस्ताक्षर रोकने वालों की रिपोर्ट सीधे शासन को भेजी जाए। उन्होंने बेहटा बंद फाटक की निविदाओं, बिजली घरों और लाइनों के पृथकीकरण को समयबद्ध तरीके से पूरा करने को कहा। दिल्ली-सहारनपुर मार्ग को जल्द मजबूत और सुगम बनाने का भरोसा भी दिलाया। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा—'जनता की सुविधा से जुड़ा कोई भी कार्य लापरवाही या राजनीति की भेंट नहीं चढ़ना चाहिए। मैं खुद इन कामों की निगरानी करूंगा और किसी भी कीमत पर जनहितैषी कार्यों को रोका नहीं जाएगा।'

## आयकर में छूट और अब जीएसटी स्लैब सरलीकरण से आम आदमी को राहत मिलेगी: पुष्पेंद्र गुप्ता



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी में किए गए नए सुधारों को लेकर भाजपा युवा मोर्चा के कोषाध्यक्ष पुष्पेंद्र गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आर्थिक महाशक्ति बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। आयकर में छूट और अब जीएसटी स्लैब सरलीकरण से आम आदमी को राहत मिलेगी। जीएसटी पर केंद्र सरकर का ऐतिहासिक फैसला

केंद्र सरकार द्वारा भारत की आम जनता के पक्ष में जीएसटी की दरों में भारी कटौती की है, आम जनता को इसका सीधा-सीधा लाभ मिलेगा और परिवार के उपयोग में लाई जाने वाली रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं से परिवार के बजट में भारी कटौती होगी। आम आदमी और मध्यम वर्ग के परिवारों को सबसे अधिक लाभ मिलेगा जीएसटी की दरों में स्वास्थ्य बीमा एवं जीवन बीमा जीएसटी हटाई गई है। इसका भी सीधा-सीधा लाभ भारत के आम नागरिक को मिलेगा और अब मध्यम परिवार अपने परिवार का अधिक से अधिक स्वास्थ्य व जीवन बीमा कर पाएंगे यह बहुत सराहनीय कदम केंद्र सरकार ने उठाया है, इससे आने वाले सभी त्योहार दशहरा दीपावली भाई दूज इत्यादि पर भारत की आम जनता को सीधा-सीधा लाभ मिलेगा। मैं केंद्र सरकार के इस साहसी कदम की सराहना करता हूं, हल्के वाहनों पेट्रोल और डीजल पर जीएसटी कम होने से भारत के मध्यम वर्ग को इसका सीधा-सीधा लाभ मिलेगा और आम व्यक्ति अपने सपनों को साकार कर पाएगा।




## मेलों को कराने की हो रही है प्लानिंग

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बेहतर पुलिसिंग के सभी प्रयास हो रहे हैं। तो सूत्र बता रहे हैं कि अब पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में सिटी से लेकर देहात और ट्रांस हिंडन से लेकर लाइन पार तक के इलाकों में होने वाली भगवान राम की रामलीलाओं के लिए प्लानिंग शुरू हो गई है। सिटी की दो ऐसी रामलीला हैं ,जिनका अपना ऐतिहासिक महत्व है। एक सबसे पुरानी है, तो दूसरी सबसे हाईटेक है। भीड़ दोनों में ही अपार रहती है और सुरक्षा के प्रबंधन व इंतजाम पुलिस के लिए हर साल किसी चुनौती से कम नहीं होते है। इस बार दोनों ही रामलीलाओं के इलाके वाले थानों के कोतवाल नए हैं। तो एक इलाके में एसीपी भी चार महीने पहले आए हैं। इन नए वाले एसीपी के साथ मामला एक और है कि उनके सर्किल में तीन प्रमुख रामलीला होती हैं। जिसमें भीड़ के लिहाज से तीनों प्रमुख हैं और तीनों इलाके नगर से जुड़े हुए हैं। तो वहीं देहात में भी कई प्रमुख इलाकों में रामलीलाओं के बड़े मैदान और आयोजन हैं। तो ट्रांस हिंडन को लेकर भी हाल यही है। उधर सिटी में होने वाली प्रमुख



रामलीलाओं के लिए इलाके वाले साहब को अपने एसीपी स्तर के अधिकारियों के साथ जल्द ही कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण और व्यवस्थाओं का अंतिम रूप जानना होगा, क्योंकि यहां वीवीआईपी मूवमेंट भी जमकर रहता है। वैसे स्थित कब बिगड़ जाए कहा नहीं जा सकता है। उधर सुनने में आया है कि सिटी वाली सबसे बड़ी और प्रमुख रामलीला के लिए पार्किंग स्थल की खोज का कार्यक्रम चल रहा है। पास वाले दोनों स्कूलों ने जगह देने से मना कर दिया है। तो इलाके वाले जाम और ट्रैफिक का मैनेजमेंट सुधारने के लिए कुछ इंतजाम करने में लगे हुए हैं। वैसे सूत्रों ने बताया है कि रामलीलाओं के आयोजन के लिए सुरक्षा वाला खास बल पहले ही आ गया है लेकिन आजकल उसका इस्तेमाल कब्जे वाले मामले में ज्यादा चल रहा है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में जिस तरीके से संभ्रात व्यक्तियों की मीटिंग वाला कार्यक्रम चल रहा है, उसे देखकर ऐसा लग रहा है कि इससे ज्यादा टीआरपी कहीं और नहीं मिलने वाली है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में रामलीला और मेलों को सफलतापूर्वक कराने के लिए अब अगले पांच दिनों तक युद्ध स्तर पर पुलिस- प्रशासन और सुरक्षा से लेकर दमकल वाले ताकत लगाते हुए नजर आएंगे क्योंकि जिस तरीके से लखनऊ में बैठे साहब के दिशा निर्देश आए हैं और खुद सूबे वाले महाराज जी भी नवरात्रि और रामलीला को लेकर रूख रखते हैं, ऐसे में अधिकारियों को अब पसीना बहाना होगा और व्यवस्था को फुलप्रूफ बनाना होगा।

## धूमधाम से मनाया गया पूर्व मेयर आशा शर्मा का जन्मदिन









**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद की पूर्व मेयर आशा शर्मा का जन्मदिन उनके समर्थकों, शुभचिंतकों ने ,पार्टी कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया। सभी ने पूर्व मेयर आशा शर्मा को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं बधाई देते हुए उनकी लंबी आयु , उत्तम स्वास्थ्य और यशस्वी जीवन की कामना की।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जीवनसाथी का अर्थ तब भी होता है जब वह इस सांसारिक जीवन में साथ नहीं होता है। काल के क्रूर हाथों ने सागर शर्मा को असमय ही उनकी पत्नी मधु शर्मा से छीन लिया। मधु शर्मा ने स्वर्गीय सागर शर्मा को उनके तीसरे श्राद्ध पर पूरी श्रद्धा से नमन किया और याद किया। अपने मन के भावों को फेसबुक पर लिखा और कहा कि आप हमेशा मेरे साथ हैं। श्रद्धा आस्था और मन के एक कोने में दर्द को समेटे मधु शर्मा की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# सुशीला कार्की होंगी नेपाल की अंतरिम प्रधानमंत्री

## आज होगा शपथ ग्रहण, संसद की गई भंग

**काठमांडू ।** नेपाल की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश रहीं सुशीला कार्की नेपाल की अंतरिम प्रधानमंत्री बनेंगी। उनके नाम पर सहमति बन गई है। बता दें कि उनके नाम को लेकर पिछले कई दिनों से चर्चा चल रही थी। नेपाल में युवा पीढ़ी के हिंसक प्रदर्शनों के बाद उपजे राजनीतिक संकट के बीच शुक्रवार को पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को अंतरिम सरकार का प्रमुख बनाने का फैसला किया गया है। इसके साथ ही नेपाल की संसद को भी भंग कर दिया गया है। शुक्रवार को राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल के साथ सेना प्रमुख जनरल अशोक राज सिग्देल की मौजूदगी में जनरेशन-जी के नेतृत्वकताओं ने एक बैठक की थी।



जिसमें पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को अंतरिम सरकार का प्रमुख बनाने पर सहमति बनी थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, वह आज रात 8:45 बजे राष्ट्रपति भवन में शपथ ग्रहण करेंगी।

सुशीला कार्की का जन्म सात जून 1952 को विराटनगर में हुआ था। उन्होंने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से राजनीति शास्त्र में पोस्ट ग्रेजुएशन किया। इसके अलावा उन्होंने कानून की पढ़ाई नेपाल की त्रिभुवन यूनिवर्सटी से की। इसके बाद वकालत और कानूनी सुधारों के क्षेत्र में अपने करियर की शुरूआत की। सुशीला कार्की नेपाल की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश रह चुकी हैं। सुप्रीम कोर्ट में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने कई ऐतिहासिक मामलों की सुनवाई की, जिनमें चुनावी विवाद भी शामिल थे।

**शुक्रवार को राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल के साथ सेना प्रमुख जनरल अशोक राज सिग्देल की मौजूदगी में जनरेशन-जी के नेतृत्वकताओं ने एक बैठक की थी। जिसमें पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को अंतरिम सरकार का प्रमुख बनाने पर सहमति बनी थी**

# भारत-फ्रांस के बीच अहम बैठक

## पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर नृशंस आतंकी हमले की निंदा की गई

**जम्मू ।** आतंकवाद के खिलाफ भारत-फ्रांस की संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी) की 17वीं बैठक बीते दिन यानी 11 सितंबर को पेरिस, फ्रांस में हुई। इस दौरान दोनों पक्षों ने 22 अप्रैल को जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर हुए नृशंस आतंकवादी हमले की निंदा की। दोनों पक्षों ने संबंधित देशों में वर्तमान खतरे के आकलन पर विचारों का आदान-प्रदान किया। इसमें राज्य प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद, संबंधित क्षेत्रों में आतंकवादियों की गतिविधियां और पश्चिम एशिया में आतंकवादी खतरे शामिल हैं।



**आतंकवाद के खिलाफ भारत-फ्रांस की संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी) की 17वीं बैठक बीते दिन यानी 11 सितंबर को पेरिस फ्रांस में हुई**

# जॉर्जिया से वापस लौटे हिरासत में लिए गए 300 श्रमिक, आव्रजन छापे के दौरान की गई थी कार्रवाई

**जॉर्जिया ।** जॉर्जिया में आव्रजन छापे के दौरान हिरासत में लिए गए 300 दक्षिण कोरियाई श्रमिक शुक्रवार को वापस लौट आए। कोरियन एयर का एक चार्टर विमान बोइंग 747-8 आई सियोल के पश्चिम में इंचियोन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर श्रमिकों को लेकर उतरा। चेहरे पर मास्क पहने श्रमिक एयरपोर्ट से गुजरे तो अधिकारियों ने उनका तालियां बजाकर स्वागत किया।



चार सितंबर को सवाना के पश्चिम में स्थित हुंडई के विशाल ऑटो प्लांट में निमार्णाधीन बैटरी फैक्टरी में हुई छापेमारी में कुल 475 श्रमिकों को पकड़ा गया, जिनमें से 300 से ज्यादा दक्षिण कोरियाई थे। अमेरिकी अधिकारियों द्वारा जारी वीडियो में कुछ श्रमिकों के हाथ, टखने और कमर में जंजीरें बंधी दिखाई दे रही थीं। अमेरिकी आव्रजन विभाग ने दावा किया कि ये श्रमिक अवैध रूप से काम कर रहे थे। दक्षिण कोरिया ने इस घटनाक्रम पर नाराजगी जताई और इसे लेकर अमेरिका सरकार से बात की। दक्षिण कोरिया की सरकार ने अमेरिका से श्रमिकों की वापसी की मांग की थी। दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्रालय ने बाद में बताया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दक्षिण कोरिया से यह जानने के लिए वापसी प्रक्रिया रोक दी थी कि क्या कोरियाई लोगों को अपना काम जारी रखने और अमेरिकी कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने में मदद करने के लिए वहीं रहने दिया जाना चाहिए या उन्हें वापस दक्षिण कोरिया भेज दिया जाना चाहिए दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति ली जे म्युंग ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने निर्देश दिया था

# अमेरिकी नौसेना अकादमी में गोलीबारी की अफवाह से मचा हड़कंप, संस्थान में किया गया लॉकडाउन

**अमेरिका ।** अमेरिकी नौसेना अकादमी में गोलीबारी की अफवाह के बाद हड़कंप मच गया। आनन फानन संस्थान में लॉकडाउन कर दिया गया। हालांकि अफवाह की जांच के दौरान एक युवक घायल हो गया। अफसर मामले की जांच कर रहे हैं।

सैन्य अधिकारियों ने बताया कि मैरीलैंड के एनापोलिस स्थित अमेरिकी नौसेना अकादमी को सोशल मीडिया पर परिसर में एक सक्रिय शूटर होने के बारे में धमकी मिली। यह धमकी एक छात्र ने दी थी जिसे अकादमी से निकाल दिया गया था। इसके बाद संस्थान में लॉकडाउन कर दिया गया। नौसेना अकादमी के प्रवक्ता के एक




बयान के अनुसार संस्थान में कोई सक्रिय शूटर नहीं है। जब नौसेना सुरक्षा बल एक इमारत की सफाई कर रहे थे, तब एक व्यक्ति घायल हो गया। इससे पहले बैनक्रॉफ्ट हॉल के अंदर गोलियों की आवाज सुनी गई थी, जहां मिडशिपमैन रहते हैं। नौसेना अकादमी में ये धमकियां और लॉकडाउन यूटा विश्वविद्यालय के एक कार्यक्रम में प्रमुख दक्षिणपंथी नेता चार्ली किर्क की गोली मारकर हत्या के एक दिन बाद आई हैं। अमेरिकी मीडिया ने कहा कि रक्षा विभाग के एक अधिकारी ने भी पुष्टि की है कि एजेंसी को परिसर में तालाबंदी की जानकारी है। अधिकारी नौसेना के साथ स्थिति पर नजर रख रहे हैं। सचिव हेगसेथ को जानकारी दे दी गई है। बंद किया गया सैन्य अड्डा नौसेना अकादमी और पास के एक सैन्य अड्डे नेवल सपोर्ट एक्टिविटीज एनापोलिस को शाम 5:07 बजे (अमेरिकी स्थानीय समयानुसार) बंद कर दिया गया क्योंकि अधिकारियों ने अकादमी के खिलाफ धमकियों और संदिग्ध गतिविधियों की रिपोर्टों पर कार्रवाई की। शिक्षकों, छात्रों और कर्मचारियों को सुरक्षित स्थानों पर रहने का आग्रह किया गया।

# गोलियों से दहला कोलोराडो: कट्टरपंथ से प्रभावित छात्र ने की फायरिंग, दो स्टूडेंट घायल

**डेनवर ।** कोलोराडो के एक हाई स्कूल में बुधवार (स्थानीय समयानुसार) को एक 16 वर्षीय छात्र ने रिवॉल्वर से फायरिंग कर दी, जिसमें दो छात्र घायल हो गए। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि आरोपी छात्र एक अज्ञात 'चरमपंथी नेटवर्क' से प्रभावित होकर कट्टरपंथी बन गया था।

घटना एवरग्रीन हाई स्कूल में हुई, जो रॉकी पर्वत की तलहटी में स्थित है। गोलीबारी के दौरान कुछ छात्र भाग गए और कुछ ने खुद को बंद कर लिया। एक छात्र को स्कूल के अंदर और दूसरे को बाहर गोली मारी गई।

आरोपी छात्र ने खुद को भी गोली मारी जेफरसन काउंटी शेरिफ कार्यालय की प्रवक्ता जैकी केली ने बताया कि आरोपी छात्र डेसमंड होली ने खुद को भी गोली मार ली और बाद में उसकी मौत हो गई। यह वही काउंटी है, जहां




1999 में कोलंबिन हाई स्कूल में हुई गोलीबारी में 14 लोगों की जान गई थी। आरोपी छात्र इस गोलीबारी का भी गवाह था।

अज्ञात चरमपंथी नेटवर्क से प्रभावित था छात्र केली ने बताया कि घटना के समय स्कूल की संसाधन अधिकारी चिकित्सा अवकाश पर थीं और दो अंशकालिक अधिकारी भी मौजूद नहीं थे। मौके पर मौजूद अधिकारी को पहले ही एक नजदीकी दुर्घटना स्थल पर भेजा गया था। केली ने बताया कि होली 'किसी चरमपंथी नेटवर्क द्वारा कट्टरपंथी बनाया गया था।' अधिकारियों ने यह निष्कर्ष उसके घर और फोन की जांच के बाद निकाला, लेकिन अभी यह साफ नहीं किया गया कि वह किस संगठन से प्रभावित हुआ था।

# इस्राइल-हमास युद्ध के बाद ऑस्ट्रेलिया में बढ़ीं मुस्लिम विरोधी घटनाएं

**डेनवर ।** ऑस्ट्रेलियाई सरकार के इस्लामोफोबिया पर विशेष दूत आफताब मलिक ने शुक्रवार को सरकार को अपनी पहली रिपोर्ट सौंपी। रिपोर्ट में 54 सिफारिशें की गई हैं, जिनमें संभावित भेदभाव की जांच के लिए आतंकवाद-रोधी कानूनों की समीक्षा की सिफारिश भी शामिल है।

इस्राइल-हमास युद्ध के बाद बढ़ीं मुस्लिम विरोधी घटनाएं आफताब मलिक ने अपनी रिपोर्ट में इस्लामोफोबिया (मुस्लिम विरोधी) की व्यापक जांच की भी सिफारिश की ताकि इसके मुख्य कारणों और सरकारी नीतियों में संभावित भेदभाव की जांच की जा सके। मलिक ने मीडिया से बात करते हुए कहा, 'वास्तविकता यह है कि ऑस्ट्रेलिया में इस्लामोफोबिया लगातार बना हुआ है, कभी इसे नजरअंदाज किया गया और कभी नकारा गया, लेकिन कभी पूरी तरह से इसका समाधान नहीं किया गया।' उन्होंने कहा कि



11 सितंबर, 2001 को अमेरिका पर अल-कायदा के हमलों के बाद से मुस्लिम विरोधी घटनाएं तेज हो गईं थीं।

### ऑस्ट्रेलियाई पीएम ने जताई चिंता

मलिक ने कहा कि 2023 में हमास द्वारा इस्राइल पर हमले के बाद से मुस्लिम विरोधी घटनाओं में 150% और ऑनलाइन 250% की वृद्धि हुई है। मलिक ने रिपोर्ट में कहा, '7 अक्टूबर, 2023 से इस्लामोफोबिक घटनाओं में भारी वृद्धि हुई है।' इस रिपोर्ट पर प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने कहा कि उनकी सरकार मलिक की सिफारिशों पर सावधानीपूर्वक विचार करेगी। अल्बानीज ने कहा, 'ऑस्ट्रेलियाई लोगों को उनकी धार्मिक मान्यताओं के आधार पर निशाना बनाना न केवल उन पर हमला है, बल्कि यह हमारे मूल्यों पर भी हमला है। हमें उस नफरत, डर और पूर्वाग्रह को खत्म करना होगा जो हमारे समाज में इस्लामोफोबिया और विभाजन को बढ़ावा देते हैं।'

गौरतलब है कि ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने भी इस्राइल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से ऑस्ट्रेलिया में मुस्लिम और यहूदी विरोधी घटनाओं में भारी वृद्धि को स्वीकार किया है। जुलाई 2024 में ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने जिलियन सेगल को यहूदी विरोधी घटनाओं से निपटने के लिए विशेष दूत नियुक्त किया और उसी साल अक्तूबर में मुस्लिम विरोधी घटनाओं के लिए आफताब मलिक को विशेष दूत नियुक्त किया गया। सेगल ने दो महीने पहले दी अपनी पहली रिपोर्ट में सिफारिश की थी कि अगर ऑस्ट्रेलियाई विश्वविद्यालयों में यहूदी छात्रों पर हमले की समस्या का समाधान नहीं किया जाता है तो उस विश्वविद्यालय को सरकारी अनुदान से वंचित कर दिया जाए। साथ ही अप्रवासियों की राजनीतिक संबद्धता की भी जांच की सिफारिश की गई है। 2021 की ऑस्ट्रेलियाई जनगणना के अनुसार, ऑस्ट्रेलियाई आबादी का 3.2% मुस्लिम आबादी है।

**ऑस्ट्रेलिया में इस्लामोफोबिया से निपटने के लिए नियुक्त किए गए विशेष दूत ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि इस्राइल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से पूरे ऑस्ट्रेलिया में मुस्लिम विरोधी घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है**

# आतंकवाद के खिलाफ भारत और फ्रांस एकजुट, सहयोग बढ़ाने पर बनी सहमति

**फ्रांस ।** भारत और फ्रांस संयुक्त कार्य समूह की बैठक में दोनों देशों ने आतंकवाद, उग्रवाद और कट्टरपंथ के खिलाफ साथ मिलकर कार्रवाई करने का संकल्प लिया है। इस दौरान दोनों देशों ने 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की, जिसमें निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाया गया था। यह चर्चा भारत-फ्रांस संयुक्त कार्य समूह की आतंकवाद विरोधी बैठक के दौरान हुई, जो गुरुवार को पेरिस में आयोजित की गई थी।

इस बैठक में दोनों देशों के अधिकारियों ने आतंकवाद से जुड़े खतरों और उन्हें रोकने के उपायों पर चर्चा की। बता दें कि भारत की ओर से इस बैठक का नेतृत्व विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव केडी देवाल ने किया। वहीं फ्रांस की ओर से आतंकवाद विरोधी राजदूत



ओलिवियर कारोन ने भाग लिया। पेरिस में हुई इस बैठक में भारत और फ्रांस ने अपने-अपने देशों में मौजूदा आतंकवाद के खतरे पर विचार किया। इसमें सीमा पार आतंकवाद, राज्य प्रायोजित आतंकवादी गतिविधियां, कट्टरपंथ फैलाने वाले संगठनों की भूमिका, और मध्य पूर्व में आतंकवाद की स्थिति जैसे विषय शामिल थे। इस दौरान दोनों पक्षों ने यह भी माना कि आतंकवादी अब नई तकनीकों जैसे इंटरनेट, सोशल मीडिया और एन्क्रिप्टेड प्लेटफॉर्म्स का इस्तेमाल करके प्रचार और भर्ती कर रहे हैं, जिससे उन्हें रोकना और चुनौतीपूर्ण हो गया है।

गौरतलब है कि बैठक में भारत और फ्रांस ने आतंकवाद के खिलाफ आपसी सहयोग को और मजबूत करने के लिए कई अहम फैसले लिए हैं। इस दौरान दोनों देशों ने संकल्प लिया कि आतंकवाद के मामले में मिलकर प्रशिक्षण कार्यक्रम और संयुक्त अभ्यास करेंगे ताकि आतंकवाद से निपटने की तैयारियों को और मजबूती दी जा सके। इसके साथ ही, दोनों देश संयुक्त राष्ट्र, एफएटीएफ (एफएटीएफ) और नो मनी फॉर टेरर (एनएमएफटी) जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मिलकर काम करेंगे।

इसके साथ ही बैठक में यह भी तय किया गया कि भारत और फ्रांस ऑनलाइन आतंकी प्रचार और संगठित अपराध पर रोक लगाने के लिए नई रणनीतियां तैयार करेंगे। दोनों देश सूचना और अनुभवों का आपसी आदान-प्रदान भी करेंगे, जिससे एक-दूसरे की नीतियों से सीख लेकर आतंकवाद के खिलाफ और प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

# पशुपतिनाथ से लौट रही भारतीय पर्यटक बस पर हमला, तोड़फोड़ और लूटपाट की गई

**नेपाल ।** नेपाल में भारतीय पर्यटकों की बस पर हमला किया गया। हमलावरों ने बस के शीशे तोड़ दिए। साथ ही यात्रियों से लूटपाट की। पर्यटक पशुपतिनाथ मंदिर के दर्शन करके लौट रहे थे। हमले में कई पर्यटक घायल भी हुए हैं। सभी पर्यटक आंध्र प्रदेश से थे।

नेपाल में सोशल मीडिया बैन के खिलाफ चल रहे जेन जी के प्रदर्शन का सामना भारतीय पर्यटकों को भी करना पड़ा। आंध्र प्रदेश के श्रद्धालु पशुपतिनाथ मंदिर के दर्शन करने काठमांडू गए थे। श्रद्धालु यूपी नंबर से पंजीकृत बस में सवार थे। बस ड्राइवर राज ने बताया कि जब बस भारत की ओर वापस लौट रही थी तो भीड़ ने हमला कर दिया।

बस के एक कर्मचारी ने बताया कि हमलावरों ने पत्थरों से बस के सारे शीशे तोड़ दिए और सामान लूट लिया। बस क्षतिग्रस्त हालत में



गुरुवार शाम को उत्तर प्रदेश में महाराजगंज के पास सोनौली बॉर्डर पर पहुंची। हमले में सात से आठ यात्री घायल हो गए। नेपाली सेना के जवान मदद के लिए आए। घायल यात्रियों का इलाज कराया जा रहा है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को कहा कि दंगा प्रभावित देश में लगभग 200 तेलुगु लोग फंसे हुए हैं।

नेपाल में क्या हुआ नेपाल में सैकड़ों आंदोलनकारी भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया पर प्रतिबंध के खिलाफ सोमवार को सड़कों पर उतर आए थे। इस दौरान विरोध प्रदर्शनों के दौरान पुलिस कार्रवाई में कम से कम 19 लोगों की मौत के बाद प्रदर्शकारी इस्तीफे की मांग करते हुए उनके कार्यालय में घुस गए। इस बीच सोशल मीडिया पर प्रतिबंध भी सोमवार रात हटा लिया गया। मंगलवार को प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने इस्तीफा दे दिया। वहीं सेना ने कर्फ्यू लगा दिया। वहीं सरकार विरोधी प्रदर्शनों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 34 हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, घायलों को संख्या 1,300 से अधिक है।

**नेपाल में भारतीय पर्यटकों की बस पर हमला किया गया। हमलावरों ने बस के शीशे तोड़ दिए। साथ ही यात्रियों से लूटपाट की**

# दुहाई और डासना में 19 बीघे की अवैध कॉलोनियां जमींदोज, चला बुल्डोजर

## सत्ताधारी होने के उठे सवाल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जीडीए उपाध्यक्ष के निर्देश पर अवैध निर्माण और अवैध कॉलोनियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए प्राधिकरण की टीम ने शुक्रवार को दुहाई और डासना क्षेत्र में करीब 19 बीघे में विकसित हो रही कॉलोनियों को ध्वस्त कर दिया।

कार्रवाई में कॉलोनियों की बाउंड्रीवाल, सड़कें, नालियां और ऑफिस तक ध्वस्त कर दिए गए। ध्वस्तीकरण के दौरान स्थानीय विकासकताओं और निर्माणकताओं ने कड़ा विरोध किया, लेकिन प्राधिकरण पुलिस बल ने उन्हें नियंत्रित कर दिया और कार्रवाई जारी रखी। प्राधिकरण ने मौके पर मौजूद लोगों से अपील की कि अनाधिकृत कॉलोनियों में भूखंडों की खरीद-फरोख्त न करें।

कार्रवाई के समय अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, अवर अभियंता, समस्त सुपरवाइजर/मेट, स्थानीय पुलिस बल और प्राधिकरण पुलिस बल मौजूद रहा।



बड़ा सवाल यह है कि इतने बड़े पैमाने पर अवैध कॉलोनियाँ वर्षों से किसके संरक्षण में फल-फूल रही थीं? सूत्रों के मुताबिक स्थानीय स्तर पर सत्ता से जुड़े रसूखदारों की अनदेखी और मौन सहमति के बिना ऐसा संभव नहीं। अब जबकि बुल्डोजर चला है, भू-माफिया और सत्ता के गठजोड़ पर सीधे सवाल खड़े हो रहे हैं।

**प्रभारी प्रवर्तन जोन-3 के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में—**

- प्रमोद शर्मा पुत्र दयाराम शर्मा द्वारा खसरा सं. 1514 व 1519, इंदिरा एन्क्लेव व सिटी पार्क के मध्य, एनडीआरएफ रोड, गाजियाबाद पर करीब 9 बीघे में चल रही अवैध कॉलोनी जमींदोज की गई।
- अमित डबास पुत्र रामबीर द्वारा खसरा सं. 15, डासना, गाजियाबाद पर करीब 4 बीघे में अवैध कॉलोनी ध्वस्त की गई।
- संजीव चौधरी द्वारा खसरा सं. 471 व 475, दुहाई (मधुबन बापूधाम बी-ब्लॉक, मिनी एमआईजी के पास) पर विकसित करीब 6 बीघे की कॉलोनी पर बुल्डोजर चला।

# चार साल से अटकी टंकी, प्यासे गांव : प्रधानों ने सीडीओ से लगाई गुहार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ब्लॉक रजापुर की ग्राम पंचायतों की समस्याओं को लेकर शुक्रवार को प्रधानों का प्रतिनिधि मंडल मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अभिनव गोपाल से मिला। प्रतिनिधि मंडल ने जल मिशन शक्ति योजना के तहत जल निगम की देखरेख में पिछले चार वर्षों से अधूरे पड़े टंकी निर्माण कार्य का मुद्दा प्रमुखता से उठाया।

प्रधानों ने बताया कि लंबे समय से निर्माण कार्य लटकने के कारण पंचायतों के मार्ग क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, जिससे ग्रामीणों को भारी असुविधा हो रही है और पंचायतों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ा है। कई पंचायतों में केवल 25 प्रतिशत कार्य शेष रह गया है, लेकिन ठेकेदार कंपनी की सुस्ती से काम पूरा नहीं हो रहा।

ग्राम प्रधानों ने कहा कि यदि एल.सी. इंफ्रा कंपनी लगातार काम करे तो समस्या का समाधान संभव है और ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। गरीब व किसान आर.ओ. का पानी खरीदने में असमर्थ हैं। स्वच्छ जल मिलने से ग्रामीण बीमारियों से भी बच सकेंगे। सीडीओ अभिनव गोपाल ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वासन दिया कि समस्याओं का शीघ्र समाधान कराया जाएगा। इस मौके पर रणवीर प्रधान, कृष्णदेव आर्य प्रधान, मनोज प्रधान, सुनील प्रधान, सुरेश प्रधान और उमेश प्रधान कन्नौजा सहित कई लोग मौजूद रहे।




- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब हुई थी कौशाम्बी में युवा मोर्चा वाली बैठक? हमारी थी उस पर बारिकी से नजर? हमने देखा मीटिंग में मोर्चे के प्रदेश स्तर के पदाधिकारी आये थे? मगर स्थानीय से लेकर क्षेत्र वाले चेहरों ने नहीं दिखाई यहां पर आने की फिक्र? महेन्द्र भैया, अनुज भैया, आशीष भैया और रॉबिन भैया के नहीं हुए यहां पर दीदार? इनकी गैर-मौजूदगी को देखकर लगा जैसे अब नहीं आजमाना चाहते हैं ये युवा वाली टीम में किरदार? शायद यही वजह रही कि इन्होंने इस बैठक में जरूरी नहीं समझा आना यार?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हाल ही में एक विधायक ने की है ग्रह को ठीक करने वाले मंत्री जी से मुलाकात? सुना है इस मुलाकात में हुई है उनकी काफी गहन विषयों पर बात? मुलाकात का आखिर क्या है राज? ये तो अभी नहीं हुआ है साफ? मगर इस मुलाकात के भविष्य में जरूर दिखाई देंगे असर? क्योंकि बातों को बताने में विधायक जी ने नहीं छोड़ी है कोई भी कसर?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** आप तो केवल कर रहे हो अनुज भैया से लेकर रॉबिन भैया की बात? मगर आप उस चेहरे का भी तो जिक्र करो जो लेकर बैठे हैं युवा मोर्चा की प्रदेश कार्य समिति वाला पद? मगर उनके रवि का किसी भी कार्यक्रम में नहीं पड़ता है प्रकाश? सुना है जब से मिली है उनको मैम्बर वाली जिम्मेदारी? तब से अंदाज हो गये हैं उनके भारी? नहीं दिये हैं उन्होंने किसी भी कार्यक्रम में दीदार? भले ही पार्टी ने कर दिये हों कितने ही कार्यक्रम जारी? जितनी सामने वाले की वारफेर, उतनी इनकी यारी?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** कल्याणी का कर दिया करने वाले ने कल्याण? सुना है चलने वाले ने तरकश से चल दिया वेदों से प्रकाश निकाल कर बाण? लगा दी इनके ऊपर किसी की संयोजक वाली जिम्मेदारी? समझ लो इसे अब कल्याणी जी की अंतिम पारी? कहने वाले ने कहा अभी तो पार्टी शुरू हुई है? अभी तो इस तरह के कल्याणात्मक कार्यक्रम और भी होने है जारी? वो दिल भारी करके बोल रहे थे जिनका बढ़ाया है मान? उनको तो सक्रिय सदस्यता भी नहीं हुई है जारी?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जल्द ही कई मंडल वाले अध्यक्षों के सिर से उतरेगी विधायकों की मोहब्बत की माया? कई भगवा कमिश्नरों पर आने वाला है संयोजकों का साया? कहने वाले ने कहा जब कई चेहरे बनेंगे संयोजक? तब विधायकों की धारा में बहने वाले नहीं बन पायेंगे किसी भी व्यवस्था के आयोजक? कहने वाले ने कहा आप देख लेना जल्द ही चला जायेगा ये वाला गेम? उन्होंने सोच समझ कर साधा है इस तरह के कई चेहरों पर ऐम?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम तो जाकिर भैया को अभी से सलाह देंगे कि वो आगे ना बनायें कार्यकारिणी चुनाव की योजना? क्योंकि जहां से वो सोचना बंद करते हैं, वहां से साहब शुरू करते हैं सोचना? जिन दो चेहरों को लेकर वो थे मैदान में उतरने के लिए तैयार? सुना है विकास वाले लॉलीपोप ने उन दोनों को गेम से कर दिया बाहर? सुना है तैयार हो गई है इन दो चेहरों के क्षेत्र में विकास की बुक? जाकिर को चकमा देकर चमकेगा अब इनके मौहल्लों का लुक?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** आप बस करो श्राद्ध खत्म होने का वेट? जल्दी ही खुलने वाले है संगठन में दो नए उपाध्यक्ष और दो महामंत्रियों के गेट? जल्दी ही होने वाली है इनके नामों की घोषणा? इसलिए बंद कर दिया है अब हमने इस बारे में ज्यादा सोचना? सोचे वो जिनके पास से जाने वाला है पद? मगर ये है जल्द ही सिस्टम के चार चेहरों का बढ़ जायेगा कद?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भौपुरा वाले डब्बी भैया की लगता है खुल गई है दिल की डिब्बी? उनकी डिब्बी से खूब सारा निकला है भगवा कमांडर को लेकर प्यार? जब हमने देखा भगवा कमांडर के घर के बाहर का नजारा? तब ये विचार आया हमारे बाहर? डब्बी भैया ने तीन बर्थ-डे वाले होर्डिंग लगाये हैं उनके घर के बाहर? 12 होर्डिंग विजय नगर के रास्ते पर लगवाये हैं? बिखेर दिया है उन्होंने नदिया के उस पार से इस पार तक अपना प्यार?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम बैठे थे एक ज्योतिष के पास? वो कह रहे थे गाजियाबाद के विधानसभा के चुनाव में इस बार कुछ बड़ा घटेगा? महानगर में आने वाले तीन विधायकों में से इस बार एक विधायक का टिकट जरूर कटेगा? कहने वाले ने कहा जब हमने भविष्य बताने वाले से पूछा टिकट कटने से प्रभावित होने वाले विधायक का नाम? तो उन्होंने कहा इसके लिए आपको और चढ़ावा चढ़ाना पड़ेगा? तभी हम ओपन करेंगे उनका नाम? हम ज्योतिष की डिमांड पर केवल बजा ही पाये ताली? क्योंकि उन्होंने कुछ ज्यादा ही मांग लिया था और हमारी जेब थी खाली?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम बैठे थे भगवा झा के पास? वो पेश कर रहे थे अपने मन के विचार? हम उनके शब्दों को सुनकर एहसास लगा रहे थे कि उनको याद आ रहा था भगवा कमांडर का प्यार? उन्होंने किया उस वक्त के आयामों को याद? कहा अब हम समझे कि वो हम पर कितना करते थे विश्वास? जो भी हो हमें पता है आज भी करते हैं वो हमको प्यार? बस इतिहास का आंकलन जब हम कर रहे थे तब हुए हमें सत्य के दीदार?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# भाजपा द्वारा शिक्षक चुनाव की कार्ययोजना बैठक सम्पन्न





**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा जिला एवं महानगर इकाई की ओर से नेहरू नगर स्थित कार्यालय पर मेरठ मंडल शिक्षक चुनाव की तैयारियों को लेकर कार्ययोजना बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने की और जिलाध्यक्ष चैन पाल सिंह मौजूद रहे। बैठक में मुख्य वक्ता क्षेत्रीय महामंत्री विकास अग्रवाल व अतिथि विधान परिषद सदस्य (शिक्षक) चंद शर्मा ने कहा कि शिक्षक चुनाव भाजपा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। बूथ स्तर तक कार्यकर्ता सक्रिय रहेंगे तो पार्टी रिकॉर्ड जीत दर्ज करेगी। बैठक में शिक्षक चुनाव संयोजक बॉबी त्यागी, सह-संयोजक बिरजू पंडित सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे। ये जानकारी प्रदीप चौधरी ने दी।

# गाजियाबाद में नकली ताजगी की साजिश खाद्य विभाग की छापेमारी में एक्सपायरी ड्रिंक बरामद



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने शास्त्री नगर स्थित कावेरी ट्रेडिंग कंपनी पर छापेमारी कर एक्सपायरी कोल्ड ड्रिंक और पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर का बड़ा भंडार पकड़ा। निरीक्षण में 1138 बोतलें एक्सपायरी पाई गईं, जिनकी कीमत लगभग 1,05,310 रुपए थी। सहायक आयुक्त (खाद्य) अरविंद कुमार यादव के निर्देशन में की गई कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी बसंत गुप्ता, शैलेंद्र सिंह और विजय कुमार शामिल रहे। टीम ने मौके पर ही माल जब्त कर विनष्ट कर दिया। कार्रवाई के दौरान कारोबारी कुणाल त्यागी मौजूद था।

विभाग ने स्पष्ट किया कि एक्सपायरी फूड आइटम का भंडारण गंभीर अपराध है। कारोबारी के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है।

# नेपाल हिंसा में गाजियाबाद की महिला की मृत्यु प्रशासन ने संभाला परिवार का दर्द

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नेपाल में भड़की हिंसा ने जनपद गाजियाबाद के मेरठ रोड निवासी परिवार को गहरे शोक में डाल दिया। काठमांडू गए राजवीर गोला और उनकी पत्नी राजेश गोला इस घटना के शिकार हो गए। हिंसा के दौरान राजेश गोला की मृत्यु हो गई, जबकि उनके पति राजवीर गोला गंभीर रूप से घायल हो गए।



जैसे ही घटना की सूचना गाजियाबाद पहुँची, परिजनों ने जिला प्रशासन से संपर्क किया। प्रशासन ने तुरंत संवेदनशीलता दिखाते हुए नेपाल के सीमावर्ती जिलों से संपर्क साधा और हर पल स्थिति पर नजर रखी। सक्रिय समन्वय और प्रयासों से राजेश गोला का पार्थिव शरीर जनपद वापस लाया गया, वहीं घायल राजवीर गोला की स्थिति अब सामान्य बताई जा रही है। 12 सितम्बर को राजेश गोला की अंत्येष्टि परिजन गमगीन माहौल में सम्पन्न कर चुके हैं।

एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट ने बताया कि जिला प्रशासन लगातार परिवार के संपर्क में रहा और हर स्तर पर सहयोग प्रदान करता रहा। उन्होंने कहा—इस दुखद घड़ी में प्रशासन पीड़ित परिवार के साथ है और हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

# गाजियाबाद में 14 सितंबर को होगा विशाल व्यापारी महासम्मेलन : डॉ. अशोक वासुदेवा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल (रजि.) के तत्वावधान में 14 सितंबर, रविवार को कविनगर ई-ब्लॉक स्थित आपका भवन परिसर में एक विशाल व्यापारी महासम्मेलन आयोजित किया जाएगा।




प्रदेश प्रचार मंत्री डॉ. अशोक वासुदेवा ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग करेंगे, जबकि संचालन प्रदेश महामंत्री तिलक राज अरोड़ा करेंगे। इस महासम्मेलन में प्रदेश के लगभग 60 जिलों की इकाइयों के पदाधिकारी शामिल होंगे। कार्यक्रम में गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग, कौशल विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल और गाजियाबाद की महापौर सुनीता दयाल बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।

महासम्मेलन दो सत्रों में संपन्न होगा। पहले सत्र में व्यापारी अपनी समस्याएँ प्रदेश अध्यक्ष और अतिथियों के समक्ष रखेंगे और समाधान का अनुरोध करेंगे। यह सत्र सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। दोपहर 2:30 बजे से शुरू होने वाले दूसरे सत्र में संगठन का चुनावी अधिवेशन होगा, जिसमें आगामी चार वर्षों के लिए प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। इसके बाद 4:30 बजे सम्मान समारोह और शाम 5 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस होगी।

# छठ पूजा की तैयारियों को लेकर पूरबिया संगठन के लोगों ने की नगर आयुक्त से मुलाकात



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** छठ पूजा की तैयारियों को लेकर पूरबिया संगठन से जुडे सदस्यों ने नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक से मुलाकात की। नगर आयुक्त के कैंप कार्यालय में आयोजित बैठक में छठ पूजा की तैयारियों को लेकर विचार विमर्श किया गया। सदस्यों ने नगर आयुक्त को गुलदस्ता भेंटकर उनके कार्यकाल की उपलब्धियों पर बधाई दी। पूरबिया जनकल्याण परिषद के राष्ट्रीय महासचिव राकेश तिवारी ने कहा कि महापर्व छठ पूजा 25 अक्टूबर से शुरू होगा। सदस्यों ने गाजियाबाद के छठ घाटों की सूची नगर आयुक्त को दी। पिछली बार की तरह इस बार भी तय समय के भीतर छठ घाटों की मरम्मत और साफ सफाई करने की गुजारिश की गई। पर्व की पवित्रता बनी रहे, इसके लिए नगर निगम का सहयोग मांगा गया है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने सदस्यों का आश्वस्त किया कि हर साल की तरह इस बार भी नगर निगम की ओर से छठ पूजा महोत्सव को लेकर हर तरह का सहयोग किया जाएगा। इस मौके पर राकेश तिवारी, राजाराम मौर्य, विनोद अकेला, केएन सिंह, सच्चिदानंद आदि उपस्थित थे।



# नया जीएसटी सुधार जनता के लिए फायदेमंद, नए स्लैब से सबको फायदा : ओमेंद्र कसाना



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** 22 सितंबर से जीएसटी के नए नियम देशभर में लागू हो जाएंगे। 4 स्लैब को अब 2 स्लैब में मर्ज किया गया है। भाजपा सरकार के इस नए कदम से जनता को क्या फायदे होंगे, इसके सकारात्मक परिणाम क्या होंगे। इन बातों को सबके सामने लाने के लिए भोपुरा मंडल के पूर्व मंडल अध्यक्ष भोमेंद्र कसाना ने बताया कि नए सुधार से सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्योगों को बड़ा लाभ मिलेगा. वस्त्र उद्योग और हस्तशिल्प को विशेष प्रोत्साहन मिलेगा। किसानों की लागत क्षमता घटेगी और आमदनी बढ़ेगी। ट्रैक्टर, हार्वेस्टर, रोटावेटर पर जीएसटी घटाकर मात्र 5% कर दिया गया है। साथ ही स्वास्थ्य बीमा और जीवन बीमा उत्पादों पर कर समाप्त किया गया है,जो सामाजिक सुरक्षा की दृष्टि से ऐतिहासिक कदम है। 28% वाले स्लैब को पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया है। कई उत्पाद ऐसे हैं जिन पर पहले 18 % या इससे अधिक टैक्स लगाया जाता था और उसे पूरी तरह से टैक्स फ्री कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक राष्ट्र एक टैक्स की भावना के साथ आगे बढ़ रहा है। 1 जुलाई 2017 को लागू हुए जीएसटी के बाद अब अगली पीढ़ी के सुधार से भारत आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है।

# रालोद ने किया सदस्यता अभियान का आयोजन कई दर्जन लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) गाजियाबाद के एससी/एसटी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नरेंद्र जाटव द्वारा मोदीनगर के विजयनगर में एक सदस्यता अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

इस मौके पर रालोद के राष्ट्रीय सचिव प्रबुद्ध कुमार और एससी/एसटी आयोग के सदस्य नरेंद्र खजूरी मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन विनोद गौतम ने किया।

सदस्यता अभियान के दौरान, सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत सिंह बिड्डी और जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी ने कहा कि दलित समाज के साथ-साथ सभी वर्ग राष्ट्रीय लोकदल से जुड़ रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि रालोद ही गरीबों, मजदूरों और कमजोर तबके के लोगों की आवाज उठाती है।

मुख्य अतिथि प्रबुद्ध कुमार और नरेंद्र खजूरी ने कहा कि रालोद को एक मंत्रालय मिला है और चौधरी साहब ने उनके समाज के अनिल कुमार को कैबिनेट मंत्री बनाकर यह साबित कर दिया है कि रालोद सभी वर्गों का सम्मान करती है।

इस कार्यक्रम में ओडी त्यागी, योगेंद्र पतला, युवा जिला अध्यक्ष जयदीप सिंह, प्रोफेशनल मंच के क्षेत्रीय अध्यक्ष अरुण दहिया, महिला जिला अध्यक्ष सुमन चौधरी, सतीश राठी, विनोद जाटव, नरेंद्र जाटव, विनोद चौधरी, योगेश फफराना, और अमित आरके जैसे प्रमुख नेता उपस्थित रहे। इस अवसर पर कई दर्जन लोगों ने राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की।

# कायस्थ महासम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैठक



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद चित्रांश महासभा की बैठक शुक्रवार को नंदग्राम में संपन्न हुई। जिसमें 14 सितंबर को लोहिया नगर स्थित अग्रसेन भवन में आयोजित होने वाले कायस्थ महासम्मेलन एवं चित्रांश संसद की तैयारी को लेकर चर्चा की गई। महासभा के अध्यक्ष विनोद श्रीवास्तव ने बताया कि महासम्मेलन में 20 प्रांतों के प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। सम्मेलन में वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण सक्सेना के अलावा सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री सुनील शर्मा समेत अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। सम्मेलन में चित्रगुप्त स्तुति के अलावा संस्कृत और रंगारंग कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा। बैठक में संयोजक राजीव कांत, उपाध्यक्ष शैलेंद्र श्रीवास्तव, सचिव प्रभाकर श्रीवास्तव आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।